page 1_Layout 1 16-09-2026 21:29 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज़ भारती

आवश्यकता

'डेली आवाज़ भारती'
को विभिन्न क्षेत्रों में
न्यूज़ रिपोर्टरों की
आवश्यकता
इच्छुक एवं अनुभवी
पत्रकार संपर्क करें।
मो. +91 98766 79246

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » वीरवार, 17 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :145 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पंजाब में किसानों का बड़ा ऐलान

आज अमृतसर से संगरूर तक कई जगहों पर किसानों की रेल रोकने की तैयारी

- कार्रवाई के लिए 17 सितंबर दोपहर 12 बजे तक का समय
- कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठेगा यह कदम

डेली आवाज भारती

सरकार के फैसले पर टिकी आंदोलन की अगली रणनीति



पंजाब में किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों को लेकर किसान-मजदूर मोर्चा ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। संगठन ने सरकार को किसानों और मजदूरों की मांगों पर कार्रवाई के लिए 17 सितंबर दोपहर 12 बजे तक का समय दिया है। मोर्चे के नेताओं के मुताबिक, अगर तय समय सीमा तक सरकार की ओर से कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया तो पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में 'रेल रोको' आंदोलन शुरू किया जाएगा। किसान-मजदूर मोर्चा के अनुसार, आंदोलन के पहले चरण में अमृतसर, गुरदासपुर, फिरोजपुर, मोगा, संगरूर और सुनाम पर रेलवे ट्रैक पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह कदम किसानों और मजदूरों की मांगों को लेकर बातचीत और कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठाया जाएगा। किसान नेताओं के मुताबिक, पटियाला में एक मंत्री के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन का तीसरा दिन है। नेताओं का कहना है कि करीब एक महीने पहले पंजाब के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांगों का ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद 31 तारीख को डिप्टी कमिश्नर कार्यालयों के बाहर भी धरना दिया गया, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से किसानों के साथ बातचीत नहीं हुई है। किसान नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। बिजली संशोधन कानून से जुड़े मुद्दों पर भी संगठन सरकार से स्पष्टीकरण और कार्रवाई की मांग कर रहा है। मोर्चे की मांगों में फसलों की रूक्कपर खरीद सुनिश्चित करना, किसानों और खेत मजदूरों की कर्जमाफी, किसान आंदोलनों के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेना और कृषि एवं ग्रामीण मुद्दों पर नीति स्पष्ट करना भी शामिल है।

शंभू-खनौरी आंदोलन के नुकसान के मुआवजे की मांग

किसान-मजदूर मोर्चा शंभू-खनौरी आंदोलन के दौरान हुए नुकसान को लेकर भी मुआवजे की मांग कर रहा है। आंदोलन के दौरान करीब 3.77 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और बड़ी संख्या में किसान घायल हुए। मोर्चा इन मामलों में प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग सरकार के सामने उठा रहा है। ऐसे में अब सरकार और किसान संगठनों के बीच बातचीत होती है या नहीं, इस पर आंदोलन की आगे की रणनीति निर्भर करेगी।

गुलजार सिंह सुसाइड केस में सरकार को झटका

- हाईकोर्ट ने नोटिस नहीं बल्कि सरकार को निर्देश जारी किए हैं
- SSP ऑफिस से जुड़ी कार्रवाई और जांच की जानकारी मांगी है
- जब मंत्री का नाम आया है तो जांच पर सवाल उठाना ठीक नहीं

डेली आवाज भारती

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट



चंडीगढ़। गुलजार सिंह सुसाइड का मामला बढ़ता ही जा रहा है। अब इस केस में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार से स्टेट रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही संगरुर SSP ऑफिस से इस मामले से जुड़ी हरेक कार्रवाई और जांच की जानकारी भी मांगी है। हाईकोर्ट ने नोटिस नहीं बल्कि सरकार को निर्देश जारी किए हैं। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान आगे कहा कि मामले की उचित जांच होनी चाहिए। क्योंकि जब इस मामले में एक मंत्री का नाम आया है तो जांच को लेकर सवाल उठाना ठीक नहीं है। CBI जांच की मांग की थी पर हाईकोर्ट ने सरकार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। जसवंत कौर के मुताबिक उनका बेटा गुलजार सिंह 6 सितंबर को गुरुद्वारा साहिब में मंत्री की मीटिंग में नशे की शिकायत करने पहुंचा था। जहां उसने मंत्री हरपाल चीमा से कहा कि नशा बंद करवा दो, मेरा बेटा रोज नशे करता है। इस मीटिंग के बाद गांव के सरपंचों पर गुलजार सिंह को डराने और बेइज्ज करने के आरोप लगे।

7 सितंबर को सल्फास खाकर दे दी जान

उन्होंने आगे बताया कि जब गुलजार को जब पता चला कि उस पर मुंह काला करके माफी मांगने का दबाव बनाया जा रहा है, तो वह दिड़बा चला गया और वहां 7 सितंबर को जहरीली चीज निगल ली। मरने से पहले का गुलजार सिंह का एक वीडियो सामने आया है, जब वो खड़ा है और उसे किसी ने पकड़ा है। तब तक वो सल्फास निगल चुका था।

1 अक्टूबर को फिर होगी 'टूं-टूं'!

80 लाख माता-बहनों के खातों में पहुंच सकती है सम्मान राशि

- पंजाब की माताओं-बहनों के लिए एक बार फिर खुशखबरी
- मावां-धीयां सतकार योजना के तहत आ सकती फिर राशि
- आर्थिक मदद मिलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ने की उम्मीद

डेली आवाज भारती



पंजाब की माताओं-बहनों के लिए एक बार फिर खुशखबरी सामने आ रही है। करीब 15 दिन बाद यानी 1 अक्टूबर को एक बार फिर उनके मोबाइल फोन पर बैंक खाते में पैसे आने की 'टूं-टूं' सुनाई दे सकती है। बताया जा रहा है कि मावां-धीयां सतकार योजना के तहत पंजाब सरकार की ओर से एक बार फिर सम्मान राशि जारी की जा सकती है। इससे महिलाओं को आर्थिक मदद मिलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ने की उम्मीद है।



पात्र महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता

योजना के तहत स्ट वर्ग की पात्र महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह, जबकि जनरल वर्ग की पात्र महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। अगर इस बार भी तीन महीने की राशि एक साथ जारी की जाती है, तो स्ट वर्ग की महिलाओं के खाते में 4500 रुपये, जबकि जनरल वर्ग की महिलाओं के खाते में 3000 रुपये पहुंच सकते हैं। इस आर्थिक सहायता का लाभ करीब 80 लाख माताओं-बहनों तक पहुंचने की बात कही जा रही है।

मशहूर पंजाबी सिंगर के खिलाफ जालंधर में एफआईआर

- विवादों में घिरते दिखाई दे रहे हरिंदर पाल सिंह निज्जर
- गन कल्चर प्रमोट करने के मामले में किया केस दर्ज
- गाने की शूटिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

डेली आवाज भारती

एसपी बोले- किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा



जालंधर/जतिनः पंजाबी सिंगर हरिंदर पाल सिंह निज्जर विवादों में घिरते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके खिलाफ अब जालंधर पुलिस ने गन कल्चर प्रमोट करने के मामले में केस दर्ज किया है। इस मामले को लेकर एसपी मुख्तियार रॉय का बयान भी सामने आया है। एसपी मुख्तियार रॉय ने बताया कि पंजाबी गायक हरिंदर पाल सिंह निज्जर के नए गाने की शूटिंग की वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें वह एक कॉलेज में गाने की शूटिंग कर रहे हैं और इसमें गन कल्चर को प्रमोट किया गया है। जिस कारण सिंगर निज्जर के खिलाफ पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 1 FIR दर्ज की गई है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में भय का माहौल बनाने या खुले तौर पर हथियारों का प्रदर्शन करके कानून का उल्लंघन करने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। जनता से अपील की है कि कि वह सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन या कानून के खिलाफ गतिविधियों को प्रोत्साहित न करें और ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। दरअसल यह मामला तब सुर्खियों में आया जब प्रोफेसर एमपी सिंह ने वायरल हो रही वीडियो को लेकर सवाल उठाए

अप्रिय घटना की जिम्मेदारी किसकी होगी?


उन्होंने सवाल उठाया कि अगर कॉलेज में शूटिंग के लिए पैसे लिए गए हैं, तो इन पैसों का इस्तेमाल कहां हुआ, इसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर शूटिंग के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह भी स्पष्ट होना चाहिए। एमपी सिंह के मुताबिक, उन्होंने इस संबंध में ड्डङ्क मैनेजमेंट और डिप्टी कमिश्नर को लिखित शिकायत भेजी है।

पंजाब में बिजली संकट गहराया, रोपड़ थर्मल के 2 यूनिट बंद, केंद्रीय पूल से बिजली खरीद रहा पीएसपीसीएल

- बिजली की डिमांड 16 हजार मेगावाट के पार बनी हुई

डेली आवाज भारती

पंजाब में बिजली संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य में पिछले कुछ दिनों से बिजली की डिमांड 16 हजार मेगावाट के पार बनी हुई है। वहीं सरकारी थर्मल प्लांटों के कुछ यूनिट बंद होने से बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ा है। कई इलाकों में लोगों को बिजली कटों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की बढ़ती डिमांड और उत्पादन के बीच अंतर को कम करने के लिए क्स्क्र केंद्रीय पूल से बिजली खरीद रहा है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक करीब 11,700 मेगावाट तक बिजली* केंद्रीय पूल से ली जा रही है। बढ़ती मांग के बीच महंगी बिजली खरीदने का दबाव भी बना हुआ है। मंगलवार दोपहर बाद से सरकारी रोपड़ थर्मल प्लांट के दो यूनिट बंद हैं। प्लांट की कुल क्षमता 840 मेगावाट है, लेकिन दो यूनिट बंद होने के कारण फिलहाल यहां करीब 200 मेगावाट ही बिजली पैदा हो रही है। बाकी दो यूनिट भी पूरी क्षमता से नहीं चल रहे। वहीं लहरा मोहब्बत थर्मल प्लांट के चारों यूनिट चालू हैं और यहां करीब 805 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। गोइंदवाल के एक यूनिट से करीब 430 मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। पंजाब के प्राइवेट थर्मल प्लांटों से भी बिजली उत्पादन जारी है। तलवंडी साबो थर्मल प्लांट के तीन यूनिटों से करीब 1,700 मेगावाट, जबकि राजपुरा थर्मल प्लांट से करीब 1,300 मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। इसके अलावा हाइड्रो प्रोजेक्टों से रात के समय करीब 830 मेगावाट और दिन में करीब 500 मेगावाट बिजली मिल रही है। सोलर प्रोजेक्टों से दोपहर में करीब 450 मेगावाट बिजली पैदा होती है, लेकिन रात में सोलर उत्पादन बंद रहता है।



बाजारों में तारों की स्पार्किंग से खतरा

वहीं दूसरी तरफ लुधियाना के चौड़ा बाजार स्थित हजूरी रोड पर देर रात तारों में जोरदार स्पार्किंग हुई, जिसके बाद इलाके की बिजली गुल हो गई और सुबह तक सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। दुकानदारों का कहना है कि पूरी मार्केट में तारों का जाल बिछा हुआ है। हल्की हवा या बारिश के दौरान भी तारों में स्पार्किंग शुरू हो जाती है। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

चंडीगढ़ हेल्थ सर्विस रूल्स 2026 के ड्राफ्ट का कड़ा विरोध

कहा- पंजाब का हिस्सा धीरे-धीरे छीना जा रहा हैः आप पंजाब मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने बुधवार को चंडीगढ़ हेल्थ सर्विस रूल्स 2026 के ड्राफ्ट का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि प्रस्तावित बदलावों से चंडीगढ़ की मेडिकल सेवाओं में पंजाब का तय हिस्सा कम हो जाएगा और यह पंजाब और हरियाणा के बीच हुए समझौते का उल्लंघन होगा। एक बयान में, आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा, ÷पहले 60ः40 का प्रबंध था, जिसमें 60त्न पंजाब और 40त्न हरियाणा के लिए था। अब, प्रस्तावित बदलावों के तहत, 40त्न मेडिकल ऑफिसर सीधे यूटी कैडर के तहत भर्ती किए जाएंगे, जबकि बाकी 60त्न दोनों राज्यों के बीच बंट जाएगा। नतीजतन, पंजाब का हिस्सा घटकर केवल 36त्न के आसपास रह जाएगा। आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने कहा, ÷यह सिर्फ़ भर्ती नियमों में बदलाव नहीं है। यह सीधे तौर पर चंडीगढ़ में पंजाब के हक से जुड़ा मुद्दा है। चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है, और चंडीगढ़ पंजाब के गांवों को उखाड़कर बनाया गया था। पंजाब के पुनर्गठन के समय किए गए प्रबंध को इस तरह नहीं बदला जा सकता कि पंजाब का हिस्सा कम होता रहे। बलतेज पन्नू ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव एक बड़े प्रोसेस का हिस्सा हैं, जिसके ज़रिए पंजाब के हक एक-एक करके कमज़ोर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷पहले पंजाब यूनिवर्सिटी से सिख सिलेबस हटा दिया गया था। अब चंडीगढ़ मेडिकल कैडर में प्रस्तावित बदलावों के ज़रिए एक और मुद्दा उठाया गया है। एक-एक करके पंजाब का सब कुछ छीना जा रहा है। उन्होंने पंजाब पर भाजपा के पॉलिटिकल स्टैंड पर सवाल उठाते हुए कहा, ÷भाजपा बार-बार कहती है कि वह पंजाब में सरकार बनाना चाहती है और यहां चुनाव लड़ना चाहती है। लेकिन दूसरी तरफ़, पंजाब के हक एक-एक करके छीने जा रहे हैं। अगर भाजपा सच में पंजाब की सेवा करना चाहती है, तो चंडीगढ़ में पंजाब का तय हिस्सा क्यों कम किया जा रहा है? बलतेज पन्नू ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के बीच 60ः40 का प्रबंध सुरक्षित रहना चाहिए और अलग यूटी कैडर लाने के प्रस्ताव से पंजाब का हिस्सा कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷मौजूदा प्रबंध का इतिहास साफ़ है। नया कैडर स्ट्रक्चर लाकर पंजाब का हिस्सा इस तरह कम नहीं किया जा सकता। केंद्र को इस मामले को गंभीरता से देखना चाहिए और यह पक्का करना चाहिए कि पंजाब के अधिकार और हिस्सा सुरक्षित रहें। बलतेज पन्नू ने केंद्र सरकार से चंडीगढ़ हेल्थ सर्विस रूल्स 2026 के ड्राफ़्ट का तुरंत रिव्यू करने की मांग की। उन्होंने कहा, ÷हम मांग करते हैं कि केंद्र सरकार इन प्रस्तावित नियमों का रिव्यू करे और यह पक्का करे कि पंजाब के पुनर्गठन से बनने वाले प्रबंध और पंजाब के अधिकार कम न हों। पंजाब से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह चंड़ीगढ़ में अपना हिस्सा हिस्सा एक-एक करके कम होते देख बैठा रहेगा।

बाढ़ से तबाही के बाद नेपाल को पुनर्निर्माण की जरूरत, भारत आ रहे वित्त मंत्री वाग्ले

डेली आवाज भारती



काठमांडू,। नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले तीन दिवसीय भारत दौरे पर गुरुवार को भारत आ रहे हैं। इस दौरान वह उच्चस्तरीय वार्ता करेंगे और 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद पुनर्निर्माण के लिए भारत से महत्वपूर्ण सहयोग मांगेंगे। नेपाल के वित्त सचिव घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि वित्त मंत्री वाग्ले अपने भारतीय समकक्ष निर्मला सीतारमण के निमंत्रण पर तीन दिवसीय भारत यात्रा पर जा रहे हैं। बातचीत के प्रमुख एजेंडे में बाढ़ से हुई तबाही के बाद पुनर्निर्माण के लिए भारत का सहयोग हासिल करना शामिल होगा। नेपाल के वित्त मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए एक नोट के अनुसार, सीतारमण के साथ बैठक में नेपाल के वित्त मंत्री 26 अगस्त की बाढ़ से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे और संपत्तियों के पुनर्निर्माण के लिए भारत के समर्थन का अनुरोध करेंगे। भोटेकोशी और त्रिशूली नदी गलियारों में आई भीषण बाढ़ ने नेपाल के बड़े हिस्से को तबाह कर दिया है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, मंगलवार देर शाम तक इस आपदा में 1,399 लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि विदेशियों समेत 5,179 लोग अब भी लापता थे या उनके बारे में जानकारी नहीं मिल सकी थी। राष्ट्रीय योजना आयोग और राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण की संयुक्त तकनीकी टीम द्वारा तैयार रैपिड डिजास्टर नीड्स असेसमेंट (आरडीएनए) रिपोर्ट के अनुसार, हाल की बाढ़ से 274.48 अरब नेपाली रुपए की भौतिक क्षति होने का अनुमान है। वहीं, कुल नुकसान और क्षति का आंकड़ा 408.28 अरब नेपाली रुपए तक पहुंच गया है।

प्रारंभिक आकलन के मुताबिक, प्रभावित बुनियादी ढांचे और संपत्तियों के पुनर्निर्माण तथा पुनर्बहाली के लिए 723 अरब नेपाली रुपए से अधिक की जरूरत होगी। नेपाल में 2015 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भी भारत ने पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण सहायता दी थी। उस समय भारत सबसे बड़ा दाता था और उसने पुनर्निर्माण के लिए एक अरब डॉलर तक की सहायता देने का वादा किया था। हालांकि, बाद में इस सहायता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की ओर निर्देशित किया गया। नेपाल के वित्त मंत्रालय के अनुसार, भारत दौरे के दौरान वाग्ले भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अलावा विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। उनके वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात करने की संभावना है। वाग्ले पूर्व भारतीय विदेश सचिव और नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत श्याम सरन की मेजबानी में आयोजित एक गोलमेज बैठक में भारतीय राजनयिक विशेषज्ञों और विदेश मामलों के विशेषज्ञों के साथ संवाद भी करेंगे। नेपाल के वित्त मंत्री अपनी यात्रा के दौरान भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान वह भारतीय कारोबारी नेताओं के समक्ष नेपाल की निवेश प्रोत्साहन नीतियों और नई सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं पर प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा वाग्ले दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित विकास नीति से संबंधित एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे।

CMYK

page 2_Layout 1 16-09-2026 19:59 Page 1

चब्बहल रोड पर एमसीए ने अवैध कॉलोनी के खिलाफ की तोड़फोड़ की कार्रवाई

डेली आवाज भारती



अमृतसर। शहर में अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को तेज करते हुए नगर निगम अमृतसर (एमसीए) ने आज चब्बहल रोड स्थित एक अवैध कॉलोनी के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर (सीएमसी) बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (आईएएस) और अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत की गई। कार्रवाई का उद्देश्य शहर में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करना, जनहित की रक्षा करना तथा अमृतसर के समग्र स्वरूप को बेहतर बनाए रखना है। तोड़फोड़ की कार्रवाई एमटीपी नरिंदर शर्मा की निगरानी में की गई। इस दौरान एटीपी वरिंदर मोहन और बिल्डिंग इंस्पेक्टर नवजोत कौर सहित संबंधित टीम ने मौके पर पहुंचकर अनधिकृत निर्माण के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की।

एमसीए अधिकारियों के अनुसार, उक्त अवैध कॉलोनी के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी थी। इसके बावजूद बार-बार चेतावनी देने और निर्माण कार्य बंद करने के निर्देशों के बाद भी मौके पर काम जारी रहा। लगातार नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने लागू बिल्डिंग बायलॉज और नगर निगम के नियमों के अनुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई की। नगर निगम ने कॉलोनाइजरों, संपत्ति मालिकों और अनधिकृत निर्माण में शामिल अन्य व्यक्तियों को बिल्डिंग बायलॉज एवं लागू नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त चेतावनी दी है। आवश्यक मंजूरियों के बिना किया गया कोई भी निर्माण कानून के अनुसार कार्रवाई का कारण बन सकता है। एमसीए ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नगर निगम के सक्षम अधिकारियों से साइट प्लान और बिल्डिंग प्लान की मंजूरी प्राप्त करें। स्वीकृत साइट प्लान के अनुसार निर्माण करने से सुनियोजित विकास, बेहतर बुनियादी सुविधाएं और शहर का सुंदर एवं व्यवस्थित स्वरूप सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। सीएमसी बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और अतिरिक्त सीएमसी डॉ. जय इंदर सिंह ने दोहराया कि नगर निगम जनहित में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा।

60 हज़ार में से केवल 100, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हासिल की उपलब्धि

ओपनएआई के 100 कैंपस लीड्स में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थी

डेली आवाज भारती



अमृतसर/के.एस. बेदी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बदलते दौर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। भारत भर के विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों के करीब 60 हजार विद्यार्थियों में से केवल 100 विद्यार्थियों का चयन ओपनएआई के प्रतिष्ठित 'ओपनएआई स्टूडेंट कलेक्टिव प्रोग्राम' के तहत कैंपस लीड्स के रूप में किया गया है, जिनमें गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थी भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी विभाग के प्रणीते कुमार, एम.टेक. ई.सी.ई. (वायरलेस कम्युनिकेशन), द्वितीय वर्ष और शैलेश सेठी, बी.टेक. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग, द्वितीय वर्ष ने यह विशेष उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई तकनीक, अनुसंधान और नवाचार को दिए जा रहे प्रोत्साहन की भी प्रतीक है। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को उभरती हुई तकनीकों से जोड़ने तथा उन्हें उद्योग और वैश्विक मंचों के लिए तैयार करने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. हरदीप कौर ने बताया कि ओपनएआई द्वारा की गई कड़ी चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित क्षमता, प्रोजेक्ट्स, हैकाथॉन तथा तकनीकी पहलों में प्रदर्शन को आधार बनाया गया। इसके बाद ओपनएआई की आधिकारिक तकनीकी टीमों द्वारा दो चरणों में साक्षात्कार भी लिए गए। प्रणीते कुमार और शैलेश सेठी का चयन उनकी तकनीकी दक्षता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति रुचि, प्रोजेक्ट विकास क्षमता और नवाचारपूर्ण कार्य की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। ओपनएआई द्वारा मुंबई में आयोजित ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम में भी दोनों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान उनकी यात्रा और ठहरने का पूरा खर्च ओपनएआई द्वारा वहन किया गया।

धनाउला में स्वास्थ्य विभाग बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए सक्रिय

डेली आवाज भारती



धनाउला। स्वास्थ्य विभाग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से आज विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों के वजन और लंबाई को मापा ताकि नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों के शारीरिक विकास की ठीक से जांच की जा सके।

धनाउला बाल चिकित्सालय में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतवंत सिंह औजला के नेतृत्व में एसएमओ (बच्चों की देखभाल केंद्र) का कार्यभार संभाल रहे डॉ. विशालवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में बच्चों के शारीरिक विकास की उचित निगरानी और अभिभावकों को उनके बच्चों के पोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का विषय %आहार विविधता और पर्याप्त प्रोटीन% रखा गया है। डॉ. विशालवीर सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर करने में सहायक होते हैं। ब्लॉक मीडिया अधिकारी रितिका ओबेरॉय ने बताया कि इस अभियान के तहत, आज नवी बस्ती स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी जसमोहन कौर ने बच्चों के बेहतर विकास के लिए आहार में सुधार के बारे में अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के आहार में दालें, दलिया, खिचड़ी, केला और दूध जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह दी। इस दौरान, 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन और लंबाई/ऊंचाई भी मापी गई ताकि स्वास्थ्य मानकों के अनुसार उनकी उचित जांच की जा सके। इसके बाद, बच्चों का यह सारा डेटा ग्रोथ चार्ट (एमसीपी कार्ड) पर दर्ज किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि कोई बच्चा सामान्य, अल्प वजन या गंभीर रूप से कुपोषित (एसएएम/एमएएम) श्रेणी में आता है या नहीं।

'खेडां वतन पंजाब दियां' सीजन 4

19 और 21 सितंबर को टेनिस बॉल क्रिकेट ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

डेली आवाज भारती



बरनाला/राकेश जेट्ठी। पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 'खेदान वतन पंजाब दियां' सीजन-4 2026 के तहत बरनाला जिले में 19 और 21 सितंबर 2026 को ब्लॉक स्तर की टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उपायुक्त हरप्रीत सिंह ने बताया कि बरनाला ब्लॉक की खेल प्रतियोगिताएं डांगर गांव के क्रिकेट मैदान में, महल कलां ब्लॉक की खेल प्रतियोगिताएं सहजरा गांव के क्रिकेट मैदान में और सहना ब्लॉक की खेल प्रतियोगिताएं सुखपुरा गांव के क्रिकेट मैदान में आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के लिए सुबह 9 बजे से सूचना प्राप्त करनी होगी। अधिक जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी श्री रूपेश कुमार बेगरा ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। खेल विभाग के निर्देशों के अनुसार, ग्रामीण टीमों में एक गांव से केवल एक ही टीम भाग ले सकेगी। टीम सूची पर संबंधित गांव के सरपंच की मुहर और हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। इसी प्रकार, शहरी टीम नगर समिति में भाग लेने वाली टीमों की सूची पर संबंधित वार्ड के नगर पार्षद (एमसी) के हस्ताक्षर और मुहर होनी चाहिए। इसके अलावा, अन्य संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, क्लबों, स्कूलों, कॉलेजों और संघों से भाग लेने वाली टीमों के लिए संबंधित संगठन के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर और मुहर अनिवार्य होंगे। जिला खेल अधिकारी ने सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की है कि वे समय पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण पूरा करें और निर्धारित तिथि और समय के अनुसार खेल मैदान में पहुंचें।

उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से बरनाला नागरिक सुरक्षा को दो मानव पुतले भेंट किए

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन सिंगला। उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी बरनाला श्री हरप्रीत सिंह आईएएस ने आज अपने कार्यालय में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से सिविल डिफेंस बरनाला को सीआरपी (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण के लिए 2 मानव डमी सौंपे। इस अवसर पर उपायुक्त श्री हरप्रीत सिंह आईएएस ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या दुर्घटना में प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक और वार्डन किसी भी आपदा या आपात स्थिति में लोगों की सहायता के लिए सबसे पहले पहुंचते हैं, इसलिए उन्हें नियमित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण मानव डमी के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से दिया जा सकता है। इससे प्रशिक्षुओं को छाती पर दबाव डालने का अभ्यास करने, रोगी की स्थिति को समझने और आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को जानने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण उपकरण नागरिक सुरक्षा कर्मियों की तैयारी को और मजबूत करेंगे, साथ ही आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने में भी सहायक होंगे। उपायुक्त ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे मानवीय कार्यों की सराहना की और कहा कि रेड क्रॉस समय-समय पर जन कल्याण और आपातकालीन सेवाओं से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा और जन सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव सरवन सिंह, बरनाला के सिविल डिफेंस के मुख्य वार्डन श्री महिंदर कपिल, पोस्ट वार्डन श्री अखिलेश बंसल, श्री किशोर शर्मा, श्रीमती राजिंदर कौर (सभी पोस्ट वार्डन) उपस्थित थे। डिप्टी पोस्ट वार्डन श्रीमती रितु सिंगला, डिप्टी पोस्ट वार्डन श्री लखविंदर शर्मा, श्री रीता गोयल, श्री सौरव गर्ग और श्री उर्दीश घारू (सभी स्वयंसेवक) सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सांसद मीत हेयर ने नगर निगम के अंतर्गत आने वाली सीवरेज परियोजनाओं की समीक्षा की

संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन सिंगला। लोकसभा सदस्य एस. गुरमीत सिंह मीट हेयर ने आज यहां जिला प्रशासनिक परिसर के बैठक कक्ष में बरनाला नगर निगम के अंतर्गत सीवरेज व्यवस्था से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की और निर्देश दिया कि सीवरेज परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से और पूर्ण पर्यवेक्षण के साथ जल्द से जल्द शुरू किया जाए और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। सांसद मीत हेयर ने उपायुक्त सह नगर निगम आयुक्त हरप्रीत सिंह, सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग (पीडब्ल्यूडी) और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें शहर के उन क्षेत्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया जहां सीवेज या जल आपूर्ति की समस्या है। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागों - सीवरेज बोर्ड, नगर निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, वन विभाग - को निर्देश दिया कि वे अमृत 2.0 की बहु-करोड़ परियोजना के अंतर्गत हांडिया चौक क्षेत्र, संगहेरा के विभिन्न क्षेत्रों, सेखा रोड आदि में सीवेज संबंधी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करें ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी सीवेज की गाद निकालने की आवश्यकता हो, वहां शीघ्र ही अनुमान तैयार किया जाए।

शहर के कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति की समस्या को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने निर्देश दिया कि पंप संचालकों को पंपों को समय पर चलाने में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और उनकी पूरी तरह से निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की सुविधा के लिए 5 नए ट्यूबवेल लगाए गए हैं और इनके समय पर संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और लोगों को पीने के पानी की समस्या का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी काम समय पर शुरू करने का निर्देश दिया और कहा कि इन कार्यों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने एमपीएलएडी के तहत शहर में धर्मशालाओं और अन्य कार्यों के लिए धनराशि जारी करने की प्रगति की भी समीक्षा की।

बरनाला में चल रहे 70वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों के दूसरे दिन कड़े मुकाबले देखने को मिले

पटियाला, होशियारपुर और जालंधर की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची

डेली आवाज भारती



बरनाला/गोपाल। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सुनीतिंदर सिंह गिल और उप जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) डॉ. बरजिंदरपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित 70वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल क्रिकेट अंडर 14 वर्ष (लड़कों) प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले मैच देखने को मिले। जिला खेल अधिकारी बरनाला रूपेश कुमार बेगरा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए विशेष रूप से उपस्थित थे। डीएम स्पोर्ट्स सिमरदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि आज के मैचों में पटियाला ने फाजिल्का को 61 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पटियाला की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाए, जिसके जवाब में फाजिल्का की पूरी टीम 77 रनों पर ऑल आउट हो गई। मोगा और होशियारपुर के बीच खेले गए मैच में होशियारपुर की टीम ने 7 विकेट से जीत हासिल की। मोगा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए, जबकि होशियारपुर ने सिर्फ तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके अलावा खेले गए अन्य मुकाबलों में मलेरकोटला ने फरीदकोट को, साहिबजादा अजीत सिंह नगर ने पठानकोट को, फिरोजपुर ने श्री मुक्तसर साहिब को और जालंधर ने श्री फतेहगढ़ साहिब को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में पटियाला, होशियारपुर और जालंधर की टीमें पहुंच गई हैं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट सुरजीत कौर, जसपिंदर कौर स्वर्णजीत कौर, सविता रानी, हरजिंदर कौर, तरपिंदर सिंह, राजेश कुमार हेडमास्टर, अमनिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, अमित कुमार, रोहन, लेफ्टिनेंट परमजीत कौर, कुलविंदर कौर, सुखराज कौर, परमजीत कौर, अमनदीप कौर, रमनजीत कौर, मुक्को कौर, किरनदीप कौर, जसप्रीत कौर, जसप्रीत सिंह, संदीप पुरी, तेजिंदर सिंह, पुष्पदीप सहित टीम प्रभारी, कोच और खिलाड़ी अलग-अलग थे। जिले उपस्थित थे।

कुब्बे गांव में निःशुल्क आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

डेली आवाज भारती



बरनाला/गोपाल। पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव श्री कुमार राहुल, पंजाब के आयुर्वेद निदेशक डॉ. रमन खन्ना और पंजाब के होम्योपैथी निदेशक डॉ. हरिंदरपाल सिंह के निर्देशों के अनुसार, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमन कौशल और जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. राजीव जिंदिया के कुशल नेतृत्व में भिंडर पट्टी धर्मशाला गांव कुब्बे में एक विशाल निःशुल्क आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र भर से सैकड़ों लोग स्वास्थ्य जांच कराने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर का औपचारिक उद्घाटन जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी, ग्राम सरपंच, सभी पंचायत सदस्यों और सिंहपुरा गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इसके बाद, विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमों ने शिविर का संचालन शुरू किया और वहां पहुंचे मरीजों की सावधानीपूर्वक जांच की। पूरे दिन चले इस चिकित्सा शिविर में कुल 633 मरीजों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाएं दी गईं। इनमें से 332 मरीजों की जांच आयुर्वेद विभाग द्वारा और 301 मरीजों की जांच होम्योपैथी विभाग की टीम द्वारा की गई। आयुर्वेद विभाग की डॉ. शितु ढिंगरा (एएमओ) और डॉ. राकेश कुमार ने मरीजों की जांच की, जबकि उप वैद्य यादविंदर सिंह सुखचैन सिंह और इंदरजीत कुमार ने जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित कीं। इसी प्रकार, होम्योपैथी विभाग की डॉ. परमिंदर पुन और डॉ. कमलजीत कौर ने मरीजों की जांच की और दवा वितरणकर्ता गुरचरण सिंह औलख और गुरचरण सिंह बरनाला ने मरीजों को दवा वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी बीच, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ने अपने विचार साझा करते हुए विशेष रूप से कहा कि आधुनिक तकनीक और सुविधाओं को अपनाते हुए भी, हमें स्वदेशी जीवनशैली की अच्छी परंपराओं - सादगी, प्राकृतिक भोजन, व्यायाम, पारिवारिक बंधन और प्रकृति प्रेम - को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए, क्योंकि स्वदेशी जीवनशैली हमें हमारी संस्कृति, परंपराओं और प्रकृति से जोड़ती है।

कांग्रेस का पंजाब सरकार पर हमला

कहा- गुंडागर्दी चरम पर और कुंभकर्ण की नींद में सोए हैं नेता

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। अमृतसर के कस्बा जंडियाला गुरु के गांव नवां पिंड में मंगलवार देर रात हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। इस घटना के बाद कांग्रेस ने पंजाब की भगवंत मान सरकार और आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखविंदर सिंह डैनी बंडाला ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। बहुत ही चिंताजनक हालात हैं, जो आज पंजाब के अंदर बन रहे हैं और विशेष तौर पर हल्का जंडियाला गुरु के अंदर जो रात घटना हुई है, जिस तरीके से 12-14 राउंड फायर किया गया और एक लड़के को मौत के घाट उतारा गया, दूसरा जिंदगी और मौत की लड़ाई अस्पताल के अंदर लड़ रहा है। ये तमाम चीजें बड़ा प्रश्न खड़ा कर रही हैं कि आज पंजाब सरकार की कानून-व्यवस्था नाम की चीज कहां गई?÷ उन्होंने कहा, ÷आज लॉ एंड ऑर्डर पंजाब की धरती से खत्म हो चुका है। दिन-दहाड़े बैंक डकैतियों और फिरौतियों और ये गुंडागर्दी जो है, ये चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। और जो कल पुलिस थाने के बिल्कुल दरवाजे के सामने उन दो नौजवानों के ऊपर गोलियां दागी जाती हैं।

शुल्क विनियामक आयोग की बरनाला इकाई की बैठक के दौरान स्कूल शुल्क के संबंध में चर्चा

डेली आवाज भारती



बरनाला/राकेश जेट्ठी। पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री एस. भगवंत सिंह मान के मार्गदर्शन में स्थापित शुल्क विनियामक आयोग (पंजाब) की जिला बरनाला इकाई की निजी स्कूलों में शुल्क संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आज जिला प्रशासनिक परिसर, बरनाला स्थित जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में पंजाब शुल्क विनियामक आयोग की बरनाला इकाई के सदस्य और जिला परिषद बरनाला की स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष जगसीर सिंह चीमा, आयोग के सदस्य एस. बलविंदर सिंह सेखों, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुनीतिंदर सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) इंदु सिमक ने निजी स्कूलों के शुल्क पर चर्चा की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत, विद्यार्थियों और अभिभावकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, स्कूल शुल्क से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक और गंभीरता से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा लिए जाने वाले शुल्क के आंकड़ों को अधिनियम के अनुसार एकत्र और विश्लेषण किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि छात्रों और उनके अभिभावकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमों के अनुसार संबंधित मामलों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

CMYK

page 3_Layout 1 16-09-2026 19:52 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ वीरवार, 17 सितंबर 2026

अमृतसर से 27 किलोग्राम हेरोइन और एक अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद, चार काबू

डेली आवाज भारती

गिरफ्तार आरोपी अपने हैंडलरों से संपर्क के लिए एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफॉर्म का कर रहे थे इस्तेमाल : डीजीपी गौरव यादव



चंडीगढ़/अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) अमृतसर ने सीमा पार से तस्करी के मॉड्यूल को नाकाम करते हुए 27 किलोग्राम हेरोइन, एक अत्याधुनिक विदेशी .30 बोर पीएक्स 5 पिस्तौल और तीन कारतूसों सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विशाल सिंह उर्फ शालू, मनप्रीत सिंह उर्फ सन्नी और स्मार्टप्रीत सिंह, तीनों निवासी भल्ला कॉलोनी, छेहरटा, अमृतसर तथा करण सिंह निवासी गांव भुस्से, तरनतारन के रूप में हुई है। नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी के अलावा पुलिस टीमों ने उनका एक काले रंग का स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पीबी 02-सीडब्ल्यू-6647) और ग्रे रंग का होंडा एक्टिवा (पीबी 02-ईएक्स-4503) भी जब्त किया है, जिनका इस्तेमाल तस्करी की गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी दुबई स्थित संचालक और सीमा पार से तस्करों के साथ तालमेल करके काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की खेप प्राप्त करने के बाद गिरफ्तार आरोपियों ने अपने हैंडलरों के निर्देशों पर इसे आगे सप्लाई करना था। डीजीपी ने बताया कि जांच से यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पुलिस से बचने के उद्देश्य से अपने हैंडलरों से संपर्क के लिए एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे थे। कार्रवाई का विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सी.आई. अमृतसर की टीमों को पुख्ता जानकारी मिली थी कि संदिग्ध विशाल, मनप्रीत, स्मार्टप्रीत और करण ने भारत-पाक सीमा क्षेत्र अटारी से ड्रोन के माध्यम से गिराई गई हेरोइन और हथियारों की बड़ी खेप प्राप्त की है और इस खेप को अड्डा खासा, अमृतसर के पास किसी अन्य पक्ष को सौंपना है। उन्होंने बताया कि तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने छापेमारी कर उन्हें बस शेल्टर, खासा के पास काबू कर लिया। उन्होंने आगे बताया कि तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 27 किलोग्राम हेरोइन, एक अत्याधुनिक विदेशी .30 बोर पीएक्स 5 पिस्तौल और 3 कारतूस बरामद हुए। डीजीपी ने बताया कि तस्करी नेटवर्क में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान करने और इस मामले में आगे-पीछे के संबंधों का पूरी तरह पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। इस संबंध में थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं 21, 25, 29 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत दिनांक 15-09-2026 को एफ.आई.आर. नंबर 58 दर्ज की गई है।

जीरा के गांव मनसूर वाल कलां गोली लगने से युवक की मौत होने का मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर के अंतगर्त पड़ते गांव मनसूर वाल कलां में बीते दिन दो पक्षों के बीच हुई जमीनी विवाद को लेकर चली गोली में गुरविन्द्र सिंह नामक युवक की मौत हो गई थी। उक्त मामलें में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतक युवक के पिता के बयान पर दोषी पति-पत्नी के खिलाफ हत्या एवं असलाह एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के इंस्पैक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता हरजिन्द्र सिंह पुत्र गुरबाल सिंह वसी मनसूर वाल कलां ने बताया कि उसका उसके भाई जसविन्द्र सिंह पुत्र गुरपाल सिंह के साथ पिछले कुछ समय से जमीनी विवाद चल रहा था, जिसके चलते बीते दिन रंजिशन जसविन्द्र सिंह पुत्र गुरपाल सिंह ने अपनी पत्नी कुलवंत कौर वासी मनसूरवाल कलां की शहर पर गोली मारकर उसके बेटे गुरविन्द्र सिंह की हत्या की है। मामले की जांच कर रहे इंस्पैक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में जसविन्द्र सिंह व उसकी पत्नी कुलवंत कौर पर मामला दर्ज करके घटना स्थल से एक 32 बोर पिस्टल कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

श्री गुरु नानक देव जी और माता सुलखणी जी के विवाह पर्व पर दी शुभकामनाएं



डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू) : जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी एवं माता सुलखणी जी के पावन विवाह पर्व के अवसर पर पंजाब रोडवेज पठानकोट के सब-इंस्पेक्टर पवनदीप सिंह, सब-इंस्पेक्टर खुशहाल सिंह तथा सुनील कुमार ,विमल कुमार अमृतसर ने समस्त संगत को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा हुआ है, जो संगत को गुरु साहिब की महान शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने संपूर्ण मानवता को एक परमात्मा का संदेश देते हुए सत्य, सेवा, नाम सिमरन, मेहनत और आपसी भाईचारे का मार्ग दिखाया। गुरु साहिब ने जात-पात, ऊंच-नीच तथा भेदभाव से ऊपर उठकर मानव मात्र को समानता और प्रेम का संदेश दिया। उनका जीवन और पावन वाणी आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी और माता सुलखणी जी का विवाह पर्व हमें पारिवारिक जीवन में प्रेम, विश्वास, त्याग, मर्यादा और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। ऐसे पावन अवसर समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर पवनदीप सिंह, खुशहाल सिंह एवं सुनील कुमार ने सभी श्रद्धालुओं के सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है। उन्होंने संगत से मानवता की सेवा, जरूरतमंदों की सहायता तथा समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

विधायक शेरी कलसी के नेतृत्व में विकास के नए दौर की ओर बढ़ रहा बटाला

डेली आवाज भारती

हंसली के साथ और सिंबल चौक में विरासती एवं हाई मास्ट लाइटों का किया उद्घाटन



बटाला, (अमनदीप संधू): बटाला शहर की सुंदरता और रात के समय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शेरी कलसी द्वारा भगत कुणाल जी की मौजूदगी में बटाला सिटी हंसली के साथ तथा सिंबल चौक में विरासती एवं हाई मास्ट लाइटों का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान संबोधित करते हुए विधायक शेरी कलसी ने कहा कि बटाला को एक सुंदर, साफ-सुथरा और आधुनिक शहर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख चौकों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाली हाई मास्ट एवं विरासती लाइटें लगाने से न केवल रात के समय रोशनी में वृद्धि होगी, बल्कि यातायात को भी सुगम और सुरक्षित बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अंधेरे वाले क्षेत्रों में रोशनी की कमी के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नई लाइटें लगने से अब शहर के विभिन्न क्षेत्र रात के समय भी रोशन नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा जनकल्याण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं तथा बटाला को विकास के क्षेत्र में एक मिसाल शहर बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे। शहरवासियों और दुकानदारों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नई हाई मास्ट एवं विरासती लाइटों से बटाला की सुंदरता में काफी सुधार आया है। रात के समय बाजारों, चौकों और सड़कों पर बढ़ी रोशनी से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने विधायक शेरी कलसी का धन्यवाद करते हुए कहा कि शहर के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से बटाला नई पहचान हासिल कर रहा है। इस मौके पर मेयर भूपिंदर सिंह बाजवा, चेयरमैन यशपाल चौहान, चेयरमैन मानिक महिता, वरिष्ठ नेता एवं पार्षद गुरप्रीत सिंह राजू, नगर निगम के

विधायक शेरी कलसी ने किया विश्वकर्मा चौक का शानदार उद्घाटन

शहर की सुंदरता और धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत को मिलेगी नई पहचान : विधायक शेरी कलसी

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): बटाला शहर के विकास और सौंदर्यीकरण को नया आयाम देते हुए पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शेरी कलसी द्वारा सिंबल चौक, बटाला में नवनिर्मित विश्वकर्मा चौक का आज शहरवासियों की मौजूदगी में शानदार ढंग से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मेयर भूपिंदर सिंह बाजवा, चेयरमैन यशपाल चौहान, चेयरमैन मानिक महिता, एक्सईएन निर्मल सिंह, एसडीओ रोहित उप्पल सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक शेरी कलसी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टिकर्ता एवं कारीगरों के आराध्य देवता के रूप में जाना जाता है। उनके नाम पर बनाया गया यह चौक समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि इस चौक की स्थापना से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बटाला ऐतिहासिक और औद्योगिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है तथा ऐसे प्रोजेक्ट शहर की पहचान को और मजबूत करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि शहर के विकास के लिए भविष्य में भी इसी तरह के प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर शहरवासियों ने विधायक शेरी कलसी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके द्वारा हर वर्ग के लिए पारदर्शी ढंग से विकास कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले करीब साढ़े चार वर्षों के दौरान विधायक शेरी कलसी ने बटाला की विकास के क्षेत्र में नुहार बदली है और करवाए गए विकास कार्य स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

खरड़ अस्पताल रोड के नवीनीकरण का काम शुरू, लगभग 84 लाख रुपये होंगे खर्च : परमिंदर सिंह गोल्डी

- खरड़ अस्पताल रोड के नवीनीकरण का काम शुरू, लगभग 84 लाख रुपये होंगे खर्च: परमिंदर सिंह गोल्डी

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): खरड़ बस स्टैंड के पीछे स्थित अस्पताल रोड के नवीनीकरण एवं विकास कार्यों की शुरुआत आज हलका इंचार्ज खरड़ एवं चेयरमैन, यूथ डेवलपमेंट बोर्ड, पंजाब परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा की गई। इस सड़क के विकास कार्यों पर लगभग 84 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क के नवीनीकरण से क्षेत्रवासियों और राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि सड़क के नवीनीकरण का काम पूरा होने के बाद इसका सौंदर्यीकरण (ब्यूटीफिकेशन) भी करवाया जाएगा। इस संबंध में लगभग सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और अगले चरण में सड़क को और सुंदर बनाने के लिए कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया, नगर परिषद का कार्यालय स्टाफ, ब्लॉक समिति के चेयरमैन रघुबीर सिंह मोदी, गुरशरण सिंह (संगठन इंचार्ज), राम सरूप, मीडिया इंचार्ज बलजीत सिंह, राजवीर सिंह राजी, जुझार सिंह (ब्लॉक प्रधान), प्रिंस धालीवाल, मोहन सिंह के अलावा पार्टी नेता, वॉलंटियर तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने वार्ड नंबर 1 और 3 में लाखों रुपये के विकास प्रोजेक्टों का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके द्वारा शहर के सर्वांगीण विकास और शहर की नुहार बदलने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत उन्होंने शहर के वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 3 में लाखों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ करवाया। वार्ड नंबर 1 की काउंसलर शालू धीमान के पति हैप्पी धीमान और राणा सुखबीर सिंह की देखरेख में वार्ड की रोपड़ रोड पर बड़े निकासी पाइप डालने के कार्य की शुरुआत के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर निकासी पाइप डालने के कार्य का उद्घाटन किया। काउंसलर शालू धीमान ने बताया कि वार्ड के लोगों की गंदे पानी की निकासी के लिए पाइप डालने की मांग लंबे समय से लंबित थी, जिसे उनके द्वारा काउंसिल प्रधान के ध्यान में लाया गया था। काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने बताया कि इस निकासी प्रोजेक्ट पर करीब 15 लाख 20 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी दौरान वार्ड नंबर 3 में वार्ड के काउंसलर आशीष कुराली (आशु राणा) की देखरेख में विकास कार्यों के उद्घाटन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भी काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। काउंसलर आशु राणा ने बताया कि वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को काउंसिल प्रधान के ध्यान में लाने के बाद गलियों, नालियों और बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइपों सहित विभिन्न कार्यों के लिए 26 लाख रुपये की राशि पास करवाई गई है। इस अवसर पर काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने कहा कि वह शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास करवाने तथा कुराली शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान काउंसलर शालू धीमान, हैप्पी धीमान, काउंसलर आशु राणा, काउंसलर रमाकांत कालिया, काउंसलर राजेश राठौर, काउंसलर कुलवंत कौर पाबला, काउंसलर दिनेश गौतम सहित शहर के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

'यूपीआई टैक्स वापस लीजिए', पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष वडिंग ने केंद्र सरकार साधा निशाना

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली,/चंडीग ढ़। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लगाए गए कथित टैक्स को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रचार किया जा रहा है 2,000 रुपए तक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर शुल्क नहीं लगेगा, लेकिन सवाल ये है कि 2,000 रुपए से ऊपर के डिजिटल भुगतान पर शुल्क लगाने की जरूरत ही क्यों पड़ी? उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी, अमेरिका के दबाव में देशवासियों और छोटे कारोबारियों पर नए आर्थिक बोझ का रास्ता मत खोलिए। यूपीआई टैक्स वापस लीजिए। राजा वड़िंग ने एक्स पर लोकसभा में नेता विपक्ष कांग्रेस राहुल गांधी का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें कांग्रेस सांसद यूपीआई टैक्स को लेकर भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में लिया है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी से यूपीआई टैक्स वापस लेने की मांग की है। इससे पहले कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम ने 2,000 से अधिक के मर्चेंट लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाने के मामले पर कहा कि यह ऐसा टैक्स है, जो धीरे-धीरे बढ़ता जाएगा। जिस लेन-देन पर पहले कोई टैक्स नहीं लगता था, उस पर अब 2,000 से ज्यादा होने पर टैक्स लगेगा। इससे धीरे-धीरे टैक्स बढ़ाने वाली नीति ही बनेगी, क्योंकि एक बार जब नौकरशाही को इसमें घुसने का मौका मिल जाता है, तो बस कुछ ही समय की बात होती है, जब वे पूरी तरह इसमें शामिल हो जाते हैं और सभी लेन-देन पर टैक्स लगाना शुरू कर देते हैं। आखिरकार, उस लेन-देन और टैक्स का बोझ ग्राहकों पर पड़ेगा, जिससे महंगाई और कीमतें बढ़ेंगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह अमेरिका के सामने पूरी तरह घुटने टेकने जैसा है। यह साफ तौर पर अमेरिका के सामने झुकने का मामला है। वे भारत के लोगों को सजा दे रहे हैं। झारखंड सरकार में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मैं किसी भी मामले पर तब तक कुछ नहीं बोलता, जब तक मैं उसका अच्छी तरह अध्ययन न कर लूं, उसके नतीजों को न समझ लूं और यह न जान लूं कि उसका कितना असर होगा या नहीं होगा। जब तक मैं पूरी तैयारी न कर लूं, मैं कुछ नहीं बोलूंगा। पहले मुझे तैयारी करने दें, उसके बाद ही मैं बोलूंगा।

पुलिस ने विभिन्न मामलों में 2 को गिरफ्तार कर बरामद की 6 ग्राम हेरोइन

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर निशान सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह वासी गांव लक्खोके बहराम को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना गुरुहरसहाय के एस.आई बलदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर गांव तुलसी वाला के नजदीक से स्वर्ण सिंह उर्फ सोनू पुत्र काला सिंह वासी गांव ज्याय सिंह वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.50 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

रतवाड़ा साहिब स्कूल में ट्रैफिक नियमों और नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता सेमिनार

- नाबालिगों को वाहन न चलाने, हेलमेट पहनने और वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करने के लिए किया प्रेरित

डेली आवाज भारती



एसएएस नगर, (संदीप अकालगढ़िया): वरिष्ठ पुलिस कप्तान श्री वरुण शर्मा, आई.पी.एस., एस.पी. श्री नवरीत सिंह विर्क, एस.पी. (एच.) कम डी.सी.पी.ओ., एस.ए.एस. नगर तथा एस.पी. ट्रैफिक श्री रमणदीप सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत और डी.एस.पी. श्री करनैल सिंह की अगुवाई में ट्रैफिक एजुकेशन सेल तथा सांझ केंद्र इंचार्ज सिटी-1, ए.एस.आई. जनक राज द्वारा गुरु गोबिंद सिंह विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतवाड़ा साहिब में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों, नशे के दुष्प्रभावों, युवा सांझ तथा सांझ केंद्रों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को नाबालिग उम्र में बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय लड़के और लड़कियों दोनों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 तथा साइबर क्राइम से संबंधित मामलों के लिए 1930 पर कॉल करने के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

page 4_Layout 1 16-09-2026 19:55 Page 1

विवाह पर्व की पवित्रता बनाए रखने में संगतें प्रशासन का सहयोग करें : प्रेस क्लब जागती ज़मीर पंजाब

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी एवं माता सुलखणी जी के पावन विवाह पर्व को लेकर बटाला की ऐतिहासिक धरती पर देश-विदेश से पहुंच रही संगतों में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। इस पावन अवसर पर प्रेस क्लब जागती ज़मीर पंजाब की ओर से समस्त संगतों को विवाह पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए बटाला पहुंचने वाली संगतों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का विवाह पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि बटाला की समृद्ध धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा एक गौरवशाली पर्व है। इसलिए इस अवसर की पवित्रता और गरिमा बनाए रखना प्रत्येक श्रद्धालु की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्रद्धा एवं उत्साह के साथ-साथ स्वच्छता, अनुशासन, सेवा भावना और आपसी सहयोग को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रेस क्लब जागती ज़मीर पंजाब ने देश-विदेश से बटाला पहुंच रही संगतों से अपील की कि वे शहर को अपना समझते हुए इसकी स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने में योगदान दें। कूड़ा-कचरा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए तथा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डाला जाए। सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, नगर निकायों तथा सेवादारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों में पूरा सहयोग दिया जाए। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि विवाह पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखना भी सभी की जिम्मेदारी है। संगतें यातायात नियमों का पालन करें और प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न करें। प्रत्येक श्रद्धालु यदि अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करे तो यह ऐतिहासिक पर्व शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं यादगार ढंग से संपन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि बटाला की धरती पर आने वाली प्रत्येक संगत के लिए शहर की स्वच्छता, सुंदरता, अनुशासन और भाईचारा एक सकारात्मक संदेश बने। श्री गुरु नानक देव जी के पावन विवाह पर्व की खुशियों को सेवा, नम्रता, स्वच्छता और सद्भावना के साथ मनाना ही इस महान पर्व की गरिमा को और अधिक बढ़ाएगा। इस अवसर पर पत्रकार संजीव नैयर, रशपाल सिंह, सुभाष सहगल, अविनाश शर्मा, भूपिंदर सिंह सोढ़ी, इंद्रमोहन सिंह सोढ़ी, बलदेव खालसा, सुनील बटालवी, गुरदेव सिंह रजादा, अमनदीप संधू, अशोक नैयर, डॉ. रशपाल सिंह, जतिन सहगल, हरभजन नत्त, राजेश लहौरिया, करमजीत जंबा, अभि शर्मा, निखल मेहरा, जतिंदर सिंह, चरण सिंह चन्न, अनीता बेदी, मनमोहन बेदी, कमलजीत सिंह, इकबाल सिंह वालिया, राजेश शर्मा, गौतम कुमार एवं प्रदीप सिंह बेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

बीकेयू एकता संघर्ष ने पिछले साल आई बाढ़ का मुआवज़ा न मिलने के विरोध में सीएम से सवाल पूछने का ऐलान किया



डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल)अजनाला: पिछले साल अजनाला तहसील के अलग-अलग गांवों में बाढ़ से किसानों, मजदूरों और आम लोगों को भारी नुकसान हुआ था। बाढ़ से फसलें बर्बाद होने के अलावा, जानवरों, घरों और दूसरी प्रॉपर्टी को भी नुकसान हुआ था। इस नुकसान के बावजूद पूरा मुआवज़ा न मिलने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन एकता संघर्ष पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से अजनाला तहसील के गांव सेसरा कलां पहुंचने पर सवाल पूछेगा। प्रदेश अध्यक्ष पलविंदर सिंह महल ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को मुआवज़ा देने की सरकारी घोषणाओं और वादों के बावजूद, कई प्रभावित परिवार अभी भी अपने सही मुआवज़े का इंतज़ार कर रहे हैं। कई किसानों की फसलें और जानवर बर्बाद हो गए, घरों और दूसरे सामान को नुकसान हुआ, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बावजूद मुआवज़े की समस्या पूरी तरह से हल नहीं हुई है। संगठन का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण अपनी फसलें और प्रॉपर्टी खोने वाले लोगों को मुआवज़ा देना कोई खैरात नहीं, बल्कि उनके नुकसान की भरपाई का मामला है। इसलिए सरकार को बाढ़ प्रभावित लोगों की पेंडिंग मांगों को तुरंत सुलझाना चाहिए और जिन परिवारों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें बकाया रकम देनी चाहिए। किसान नेताओं ने कहा कि जब मुख्यमंत्री भगवंत मान अजनाला इलाके में पहुंच रहे हैं, तो बाढ़ पीड़ित उनसे सीधे सवाल पूछेंगे कि पिछले साल की बाढ़ से प्रभावित लोगों को पूरा मुआवजा कब मिलेगा और पेंडिंग मामलों का निपटारा कब होगा। उन्होंने कहा कि संगठन बाढ़ पीड़ितों के मुआवजे समेत लोगों के पेंडिंग मुद्दों को लेकर आवाज उठाता रहेगा। नेताओं ने प्रभावित किसानों, मजदूरों और दूसरे लोगों से भी अपील की कि वे अपने हक के लिए चल रहे संघर्ष में हिस्सा लें और सरकार से अपना हक मांगें। इस मौके पर राज्य नेता सविंदर सिंह कलेर, राज्य नेता मलकीत सिंह वडाला, राणा कोहली, जगतार सिंह झंजोटी, जसविंदर सिंह चारपुर, रेशम सिंह, सतनाम सिंह कोटला, साहिब सिंह चैनपुर, बलबीर सिंह बोपाराय, अमरजीत सिंह कोटला, करण सिंह चोगावा, गुरपिंदर सिंह जसराव, बिट्टा महल, गुरविंदर सिंह पचिया, गोपी थोबा, डॉ. अरजिंदर सिंह कोहली, जगजीत सिंह कोहली, आकाशदीप सिंह मानावाला आदि मौजूद थे।

सीपीडब्ल्यूडी जेई एसोसिएशन चंडीगढ़ ने 30वां रक्तदान शिविर आयोजित किया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। सीपीडब्ल्यूडी जेई एसोसिएशन, चंडीगढ़ ने इंजीनियर्स दिवस के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय सदन, सेक्टर-9ए, चंडीगढ़ में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के सहयोग से अपना 30वां रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में कुल 136 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह कार्यक्रम भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की स्मृति में इंजीनियर्स दिवस मनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जेई एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष भोज राज नेहरा और सचिव साक्षी गोयल शिविर की देखरेख के लिए उपस्थित थे। एसोसिएशन ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक महत्वपूर्ण और नेक कार्य है। इस अवसर पर श्री केतन चौधरी, श्री अनिरुद्ध गिरि एवं श्री रवि कुमार ने भी सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन ने रक्तदाताओं और शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

NDRF टीम ने दो गांवों में COMMUNITY AWARENESS PROGRAMME आयोजित किए

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) 7वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF), बठिंडा की टीम द्वारा अमृतसर जिले के ब्लॉक लोपोके के Village Mandianwala एवं Village Bhagupur Uttar में Community Awareness Programme (CAP) आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय समुदाय को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार तथा विभिन्न बचाव तकनीकों के संबंध में जागरूक एवं प्रशिक्षित किया गया। दोनों कार्यक्रमों का आयोजन टीम कमांडर सब इंस्पेक्टर रेख सिंह मीना के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ह्यूमन टीम द्वारा ड्रेसिंग एवं बैंडेजिंग, रक्तस्राव रोकने, स्प्लिंटिंग, वयस्क एवं शिशु CPR, FBAO की स्थिति में सहायता तथा घायलों को सुरक्षित रूप से उठाने एवं स्थानांतरित करने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, कंबल, टी-शर्ट एवं बोरी जैसी उपलब्ध सामग्री से इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर तैयार करने का प्रदर्शन भी किया गया। बाढ़ जैसी आपात परिस्थितियों में बचाव के लिए खाली बोतलों, बर्तनों तथा तेल एवं दही के खाली डिब्बों जैसी घरेलू सामग्री से इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस तैयार करने की विधि भी प्रतिभागियों को समझाई गई। अग्नि सुरक्षा के संबंध में स्ष्ठक तकनीक, आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपायों तथा फायर एक्सटिंग्विशर के संचालन की ह्यस्स विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को क्क ङ्क क्कह्यद्यद्य the Pin, A – Aim the Nozzle at the Base of Fire, S – Squeeze the Lever तथा S – Sweep Side to Side की जानकारी दी गई। NDRF टीम द्वारा स्थानीय समुदाय को लू, शीतलहर, विद्युत आघात, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश जैसी आपात परिस्थितियों के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान भूकंप मॉक ड्रिल के माध्यम से Drop, Cover & Hold (DCH) तकनीक का अभ्यास कराया गया। साथ ही, सुरक्षित निकास मार्ग, निर्धारित Assembly Area तथा आपदा की स्थिति में जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों को ह्यष्ठरू के Sachet, Meghdoot, Damini °ß´ Bhookamp Apps तथा रासायनिक आपात स्थितियों में उपयोगी Emergency Response Guide (ERG) के बारे में भी जागरूक किया गया। दोनों Community Awareness Programme का मुख्य उद्देश्य Village Mandianwala एवं Village Bhagupur Uttar के स्थानीय समुदाय में आपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा किसी भी आपात परिस्थिति में सुरक्षित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए समुदाय को तैयार करना रहा।

ऑल इंडिया आशा वर्कर और फैसलिटेटर ट्रेड यूनियन नेताओं ने मांगों संबंधी की बैठक

यूनियन नेताओं ने मांगें पूरी ना होने पर संघर्ष करने की दी चेतावनी

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): ऑल इंडिया आशा वर्कर और फैसलिटेटर ट्रेड यूनियन पंजाब एटक ग्रुप की बैठक रजवंत कौर जिला प्रधान फिरोजपुर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें यूनियन नेताओं ने बताया कि वह 18 साल से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। पंजाब सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर काम कर रही आशा वर्करों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है और उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनावों के समय बादा करते हुए आशा वर्करों को निश्चित वेतन देने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि उन पर दिन-प्रतिदिन काम का बोझ बढ़ाया जा रहा है और बहुत कम प्रोत्साहन राशि देकर उनका शोषण किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप आशा वर्कर बिना वेतन और बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रही हैं, जोकि बहुत ही दुखद है। बैठक में यूनियन नेताओं ने पंजाब सरकार से मांग की कि हमें चुनावों के दौरान किए गए वादे के अनुसार कम से कम डीसी रेट 26,000 निश्चित वेतन दिया जाए, ताकि वह अपने घर का गुजारा ठीक ढंग से कर सकें। हरियाणा की तर्ज पर सेवानिवृत्ति के बाद 5 लाख की राशि दी जाए, हर भर्ती में 10 फीसदी कोटा आशा वर्कर का रखा जाए, आशा वर्कर और आशा फैसिलिटेटर को टूर अलाउंस में वृद्धि की जाए। कटे हुए पत्ते (वेतन/सुविधाएं) बहाल किए जाएं, यदि हमारी यह मांगें पूरी नहीं की गई तो आने वाली 24 सितंबर को पंजाब भर की आशा वर्कर एकित्रत होकर मुख्यमंत्री के गांव सतोज की ओर मार्च करेंगी। इसके साथ ही यदि कोई स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं, किसी भी तरह का जान-माल का नुकसान होता है, तो उसकी जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होगी। इस मौके पर पंजाब सबोर्डिनेट फेडरेशन 1680 के प्रधान राम प्रसाद ने इन मांगों को जायज बताया और कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो आने वाले दिनों में संगठन को संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर लक्ष्मी, इंदु, कैंडी, मेगा, सुनीता कुमारी, बलजीत कौर, अनीता, अनमोल आदि बैठक में मौजूद थे।

रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट प्रेम कुमारी भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रधान नियुक्त



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भाजपा की सीनियर नेता एवं डी.सी दफ्तर से बतौर सुरटिंडेंट रिटायर्ड होने के पश्चात प्रेम रानी को पार्टी ने उनकी सेवाओं को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला फिरोजपुर (पंजाब) की प्रधान नियुक्त किया है। मालूम हो कि प्रेम कुमारी के महिला विंग की प्रधान नियुक्त होने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है और उनकी तरफ से पार्टी हाई कमान व सीनियर नेताओं का इसके लिए अभार व्यक्त किया गया है। इस दौरान अपनी नियुक्ती पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रेम कुमारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी पार्टी की तरफ से सौंपी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी एवं तनदेही से अदा करेंगी और इसके लिए वह पार्टी हाईकमान, श्रीमति जय इंद्र कौर प्रदेश प्रधान महिला मोर्चा पंजाब एवं पार्टी के सीनियर नेता राणा गुरमीत सिंह सोढी का अभार व्यक्त करती है।

माइग्रेटरी बुखार को लेकर पीएचसी घड़ूआं की टीम ने किया सर्वेक्षण

डेली आवाज भारती



घड़ूआं, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब सरकार और सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन के दिशा-निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन सिंह खुराना के नेतृत्व में पीएचसी घड़ूआं की स्वास्थ्य टीम द्वारा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के नजदीक स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में माइग्रेटरी बुखार को लेकर विशेष सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों बलजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह तथा पीएचसी घड़ूआं के ब्रीडिंग चेकर्स द्वारा घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्रित की गई। बुखार अथवा बुखार से संबंधित लक्षणों वाले लोगों की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट (आरडीटी) किटों का इस्तेमाल किया गया तथा आवश्यकता के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी गई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन सिंह खुराना ने कहा कि प्रवासी आबादी वाले क्षेत्रों में समय पर सर्वेक्षण और जांच करना बीमारियों की रोकथाम के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को बुखार, मच्छरों से होने वाली बीमारियों तथा अन्य संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ संदिग्ध मामलों की तत्काल जांच सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बुखार होने की स्थिति में अपने स्तर पर दवा लेने के बजाय नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सर्वेक्षण के दौरान पूरा सहयोग दें।

जीरा पुलिस ने 4.58 ग्राम हैरोइन के साथ 2 को किया काबू

■ गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी एवं सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4.50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव चब्बा के नजदीक से बुटा सिंह पुत्र तरसेम सिंह वासी गांल लोहके कलां को शक के अधार पर गिरतार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना सिटी जीरा के एस.आई सतवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी के नजदीक से शक के अधार पर गुरप्रीत सिंह उर्फ कर्मजीत पुत्र केवल सिंह वासी समाधी मुहल्ला जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.58 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

67.60 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान के साथ 9 गिरफ्तार

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत पुलिस ने दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 67.60 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना कुलगड़ी, थाना आरफके, थाना सिटी व थाना छावनी फिरोजपुर, थाना ममदोट और थाना मल्लांवाला में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर की ए.एस.आई शर्मा सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर अंकुश शर्मा उर्फ शिव पुत्र अश्वनी शर्मा वासी मकान नंबर 310 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.50 ग्राम हेरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर के एस.आई लाभप्रीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर लखबीर सिंह पुत्र गुरमुख सिंह वासी मकान नंबर 27/41 इंद्रा कालोनी फिरोजपुर चावनी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के इंस्पैक्टर बलराज सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गस्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए मनप्रीत सिंह पुत्र जगसीर सिंह वासी गांव सुध सिंह वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.26 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पन्ना, लाईटर व 20 रुपए का नोट, थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कोहाला के नजदीक से जुगराज सिंह उर्फ गोरा पुत्र गुरसेवक सिंह वासी गांव बोड़ा वाली को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 25 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के ए.एस.आई बलजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र गुरबचन सिंह वासी गज्जन कालोनी, विकास उर्फ बोवी पुत्र अजय कुमार वासी न्यू कालोनी आले वाला मोगा रोड को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 19.79 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर गांव कड़मा के शमशानघाट के नजदीक से वीरु उर्फ गोपी पुत्र हारफ वासी गांव मलि सिंह वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन और थाना घल्लखुर्द के एएसआई दर्शन सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सतीश कुमार उर्फ गांधी पुत्र जज्ञा सिंह वासी वार्ड नंबर 2 मुदकी और शेरा सिंह पुत्र मुकंद सिंह वासी वार्ड नंबर 6 मुदकी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों पर मामलें दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

अज्ञात व्यक्ति ने वट्सअप पर ऐप भेजकर पीड़ित के खाते से निकाले 5 लाख 75 हजार

■ पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात व्यक्ति पर दर्ज किया धोखाधड़ी करने का मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना साईबर क्राईम फिरोजपुर की पुलिस ने न्यू मॉडल टाऊन फिरोजपुर सिटी निवासी व्यक्ति के मोबाईल फोन पर एक ऐप भेजकर उसका मोबाईल हैक करके 5 लाख 75 हजार रुपए की राशि धोखे से निकालने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना साईबर क्राईम की इंस्पैक्टर सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता तेजबीर सिंह संधू पुत्र मलकीयत सिंह वासी हाऊस नंबर 39 न्यू मॉडल टाऊन फिरोजपुर सिटी ने बताया कि बीते दिन उसे मोबाईल नंबर 8295905938 से ई-चलान से संबधित मैसज उसके मोबाईल नंबर 14176-60788 पर आया। जिसको देखने पर अचानक से एक ऐप उसके मोबाईल फोन पर इंस्टाल होने लगी और उसे जैसे ही व ऐप नजर आई उसने उसे मोबाईल से डलीट कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद उसे ना तो कोई ओटीपी आया और ना ही कोई फोन आया, लेकिन उसके आईडीपी बैंक के खाते में से 7 ट्रांजैक्शनों के जरिए 5 लाख 61 हजार 744 रुपए और बीएनबी बैंक के खाते से एक ट्रांजैक्शन के जरिए 14 हजार रुपए की नगल गई थी। जिसकी जांच करने पर उसे पता चला है कि उक्त राशि उसके खातों से किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेजन नामक रिमोट ऐप से फोन हैक करके निकाली है। मामले की जांच कर रही सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

page 5_Layout 1 16-09-2026 19:54 Page 1

अकालियों ने न्यू चंडीगढ़ नहीं बनाया, आनंदगढ़ बनाने की थी योजना : जगमोहन सिंह कंग

न्यू चंडीगढ़ कांग्रेस की देन, क्षेत्र हुआ खुशहाल और विकास के मामले में बना मिसाल

डेली आवाज भारती

माजरी, (संदीप अकालगढ़िया) – कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री स. जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि पिछले दिनों गांव पलहेड़ी में शिरोमणि अकाली दल की बैठक हुई थी। इस दौरान अकाली दल के नेताओं ने प्रेस में यह दावा किया कि न्यू चंडीगढ़ हमने बनाया है, जो तथ्यों से परे और हास्यास्पद है। कंग ने कहा कि इतिहास के अनुसार तत्कालीन बादल सरकार के समय यहां आनंदगढ़ बनाने की योजना बनाई जा रही थी। इसके तहत मुल्लांपुर गरीबदास के आसपास के करीब 25-30 गांवों को उजाड़कर लोगों को मात्र 2-3 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा देकर



जमीनें लेने की तैयारी थी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्य सार्वजनिक रूप से सामने आ चुका है। पूर्व मंत्री कंग ने कहा कि उन्होंने संबंधित गांवों की पंचायतों और निवासियों को साथ लेकर आनंदगढ़ परियोजना के खिलाफ लगातार जोरदार प्रदर्शन किए थे। इस विरोध में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स. रविंदर सिंह ने भी सहयोग किया था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की अगुवाई में संबंधित गांवों के लोगों ने चंडीगढ़ के मटका चौक पर भी बड़ा रोष प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन को रोकने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने पानी की बौछारें की थीं और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया था। कंग ने कहा कि यदि उस समय कांग्रेस और क्षेत्र के लोगों ने अकाली सरकार को आनंदगढ़ बनाने से नहीं रोका होता तो आज शिवालिक पहाड़ियों में बसे घाड़ क्षेत्र के नदी-नालों वाले इस इलाके में न्यू चंडीगढ़ विकसित नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि उन्होंने सबसे पहले 15 दिसंबर 1996 को पड़ौल का पुल बनवाने का कार्य शुरू करवाया था। इसके बाद इस क्षेत्र ने विकास के मामले में पीछे मुड़कर नहीं देखा। बाद में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गमाडा द्वारा न्यू चंडीगढ़ का विकास किया गया। इसके बाद ओमैक्स जैसी बड़ी कंपनियां यहां आई और क्षेत्र की जमीनों के दाम करोड़ों रुपये तक पहुंच गए। कंग ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वर्ष 1992 में स्व. बेअंत सिंह की सरकार से लेकर आज तक पहले हलका मोरिंडा और फिर खरड़ क्षेत्र में उन्होंने सर्वपक्षीय एवं बेमिसाल विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने दावा किया कि न्यू चंडीगढ़ कांग्रेस की देन है और इसके विकास में कांग्रेस सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

गुरुहरसहाय नगर परिषद को रमिन्द्र आवला ने कांग्रेस की झोली में डाला

सुष्मा रानी अध्यक्ष, गुरमीत कौर वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सोनू संधू उपाध्यक्ष नियुक्त

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): गुरुहरसहाय नगर परिषद के पदाधिकारियों के चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी को बड़ी सफलता मिली और पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला के नेतृत्व में नगर परिषद का नेतृत्व कांग्रेस की झोली में आया। मालूम हो कि बीते दिन कांग्रेसी पार्षद् सुष्मा रानी को नगर परिषद का अध्यक्ष, गुरमीत कौर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सोनू संधू को उपाध्यक्ष चुना गया और नए पदाधिकारियों के चुने जाने से कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की पाई गई। नगर परिषद् के पदाधिकारियोंके चुनाव के दौरान पार्षद महिन्द्र कौर पत्नी शिन्द्रपाल



गुरुहरसहाय नगर परिषद् के लिए अध्यक्ष चुनी गई पार्षद् सुष्मा रानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत कौर और उपाध्यक्ष सोनू संधू व अन्य पदाधिकारियों के साथ खुशी जाहिर करते हुए पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला व अन्य।

सिंह भोला, राजिंदर कौर, विक्टर जॉन, किरण बाला पत्नी स्वर्ण, एकता रानी पत्नी रमन कुमार, चंद्र रेखा पत्नी सुखदयाल सिंह, ब्रिज भूषण, सुनीता रानी पत्नी भीमा, हरमीत सिंह, अमन दुग्गल और सोहन सिंह सहित अन्य पार्षद सहित ब्लॉक अध्यक्ष भीम कंबोज, ब्लॉक अध्यक्ष करतार सिंह बूर वाला, अमरीक सिंह सिद्धू, नछत्तर सिंह चेयरमैन जिला परिषद, बगीचा सिंह चेयरमैन, जसवंत सिंह सरपंच और आत्मजीत सिंह डेविड सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर रमिंदर सिंह आवला द्वारा नगर परिषद की चुनी गई अध्यक्ष सुषमा रानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, उपाध्यक्ष सोनू संधू और समूह पार्षदों को बधाई दी गई। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और शहर वासियों का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी द्वारा दिए गए सहयोग और भरोसे के लिए वह सभी के हृदय से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के नए पदाधिकारी शहर के विकास और लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देकर पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करेंगे।

रैवेन्यू पटवार यूनियन पंजाब के अह्वान पर फिरोजपुर के पटवारियों ने दिया धरना



फिरोजपुर में रैवेन्यू पटवार यूनियन के पदाधिकारी मांगों को लेकर धरना देते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): रैवेन्यू पटवार यूनियन पंजाब के अह्वान पर फिरोजपुर में रैवेन्यू पटवार यूनियन तहसील फिरोजपुर के समूह पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर तहसील स्तरीय धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदर्शन कर रहे पटवारियों ने पटवारियों की मांग जैसे कि स्टेट केडर को रद्द करने, जिला केडर को बहाल करने, नए भर्ती हुए पटवारियों की वेतन में बढ़ौतरी करके उसे पुराने पटवारियों के बराबर करने के हल के लिए सरकार से मांग की। इस दौरान उन्होंने सरकार को चेतवानी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को हल जल्द नहीं किया तो वह संघर्ष तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान आम जनता को होने वाली परेशानी की जिम्मेवारपी सरकार की होगी। इस प्रदर्शन में पूर्व जिला प्रधान हरमीत विद्यार्थी, रकेश कपूर पूर्व जिला सचिव, विजय चौधरी जिला प्रधान, अभय धवन जिला महासचिव, अनिल कुमार तहसील प्रधान, वतनप्रीत सिंह, अमरीक सिंह कानूगो, गुरप्रीत सिंह महासचिव व अन्य पटवारी साथी मौजूद थे।

'खेडां वतन पंजाब दियां'

वॉलीबॉल शूटिंग 41-50 वर्ष पुरुष वर्ग में शहीद हवलदार हरमिंदर सिंह यूथ सर्विसेज क्लब, गांव खडियाल की टीम ने हासिल किया पहला स्थान

डेली आवाज भारती





सुनाम। 'खेडां वतन पंजाब दियां' के सीजन-4 के तहत ब्लॉक सुनाम की ब्लॉक स्तरीय खेलों के आखिरी दिन फुटबॉल, खो-खो, वॉलीबॉल शूटिंग और वॉलीबॉल स्मैशिंग के टूर्नामेंट शहीद दलेल सिंह खेल स्टेडियम, छाजड़ में करवाए गए। वहीं कबड्डी सर्कल स्टाइल, नेशनल स्टाइल और एथलेटिक्स के मुकाबले शहीद ऊधम सिंह ओर्लपिक कॉलेज, सुनाम में आयोजित किए गए।

खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, शॉटपुट, फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक स्तरीय इन मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिला। आज ब्लॉक स्तरीय खेलों के फाइनल मुकाबले करवाए गए। जिला खेल अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा 'खेडां वतन पंजाब दियां' के माध्यम से गांवों और शहरों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच उपलब्ध करवाया जा रहा है। इन खेलों का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना भी है। ब्लॉक स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अगले स्तर के मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा और बेहतर खेल माहौल उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी और मेहनत करने तथा खेलों के क्षेत्र में संगरूर जिले और पंजाब का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। आज हुए मुकाबलों के तहत वॉलीबॉल शूटिंग 41-50 वर्ष पुरुष वर्ग में शहीद हवलदार हरमिंदर सिंह यूथ सर्विसेज क्लब, गांव खडियाल की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। टेनिस बॉल क्रिकेट के 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मुकाबले में बालाजी क्रिकेट अकादमी, सुनाम की टीम ने गांव शाहपुर कलां की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं कबड्डी नेशनल स्टाइल अंडर-17 के मुकाबले में जखेपल ए टीम ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहपुर कलां की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया।

लुधियाना रेलवे स्टेशन पर चलाया गया विशेष टिकट जांच अभियान



रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की टिकट की जांच करते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल द्वारा लुधियाना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाजनक एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने तथा बिना टिकट/अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बीते दिन बड़े पैमाने पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के कुल 517 मामले पकड़े गए तथा रेलवे नियमों के मुताबिक 3,86,610 का रेल राजस्व वसूला गया। इस अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की संयुक्त टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही अभियान के दौरान यात्रियों को उचित वैध टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी किया गया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने यात्रियों से अपील की है कि वह हमेशा वैध टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें और बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा से बचें। स्टेशन परिसर में प्रवेश से पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें।

राजस्थान के एडीजीपी रूपिंदर सिंह आईपीएस और डॉ. हरप्रीत कौर ने खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का किया अचानक दौरा

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – राजस्थान (जयपुर) के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एडीजीपी) रूपिंदर सिंह आईपीएस और उनकी धर्मपत्नी प्रोफेसर डॉ. हरप्रीत कौर ने स्थानीय खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का अचानक दौरा किया। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल के प्रिंसिपल कंवलजीत सिंह और नगर कौंसिल अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके के नेतृत्व वाली टीम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मुलाकात के दौरान भावुक होते हुए रूपिंदर सिंह आईपीएस और डॉ. हरप्रीत कौर ने बताया कि खालसा स्कूल के साथ उनके परिवार की बहुत पुरानी और विशेष यादें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि कई दशक



पहले जब कुराली क्षेत्र अंबाला जिले का हिस्सा हुआ करता था, उस समय डॉ. हरप्रीत कौर के पिता स्वर्गीय डॉ. दलजीत सिंह, पुत्र गुरदित्त सिंह, ने इसी स्कूल से दसवीं कक्षा की परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त कर पूरे पंजाब में प्रथम स्थान हासिल किया था।

स्कूली शिक्षा और विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर बातचीत के दौरान उन्होंने शिक्षकों के साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्रिंसिपल और अध्यापकों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा प्यार, प्रोत्साहन और सहानुभूति के साथ पढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के अंदर अपार प्रतिभा और क्षमता होती है। शिक्षकों का प्रोत्साहन ही विद्यार्थियों को जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल करने और सफल नागरिक बनने के लिए सक्षम बनाता है। इस दौरान एडीजीपी रूपिंदर सिंह ने बताया कि उनके माता-पिता की नगर कौंसिल अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके के परिवार, प्रेम सिंह मुंडे और टहल सिंह मुंडे के परिवार के साथ भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी लंबी पारिवारिक सांझ और प्रेम-स्नेह चला आ रहा है। इस अवसर पर स्कूल में एक सुखद और पारिवारिक माहौल देखने को मिला। नगर कौंसिल अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके और स्कूल के प्रिंसिपल ने मेहमानों का धन्यवाद किया। उन्होंने रूपिंदर सिंह आईपीएस और प्रो. डॉ. हरप्रीत कौर को गुरु घर की बख्शिश के रूप में सिरोपा भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया तथा स्कूल में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया।

अमृतसर केंद्रीय जेल में कैदी की मौत, कैदियों ने किया जमकर हंगामा

अमृतसर। अमृतसर केंद्रीय जेल में एक कैदी की मौत हो गई है। कैदी की पहचान 31 साल के प्रीतपाल सिंह के रूप में हुई है। कैदी प्रीतपाल की मौत होने के बाद जेल के अंदर बंद दूसरे कैदियों ने जमकर हंगामा किया और जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। कैदियों का दावा है कि रात 12 बजे प्रीतपाल की सेहत अचानक खराब हो गई थी, अगर उसे सही समय पर ईलाज मिल जाता तो उसकी मौत नहीं होती। वहीं जेल प्रशासन ने कहा कि ब्लड प्रैशर काफी कम हो गया था। जिस कारण अचानक सेहत खराब हो गई थी और बाद में अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक कैदी प्रीतपाल के भाई की हाल ही में मौत हुई थी। जिस कारण वह अपने भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जेल से बाहर आया था। मंगलवार शाम वह जैसे ही जेल लौटा तो अचानक उसकी सेहत बिगड़ने लगी। हालत को देखते हुए जेल प्रशासन मेडिकल अधिकारियों ने उसे गुरु नानक देव अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

भगवंत मान की पत्नी की मानहानि शिकायत पर चंडीगढ़ कोर्ट में सुनवाई 17 अक्टूबर तक टली

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की पत्नी गुरप्रीत कौर की ओर से दायर आपराधिक मानहानि शिकायत पर चंडीगढ़ की अदालत ने बुधवार को सुनवाई 17 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। मामले में अब शिकायतकर्ता के साक्ष्य दर्ज किए जाएंगे। यह शिकायत शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया, कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा और शिरोमणि अकाली दल के सांसद हरसिमरत कौर बादल के खिलाफ दायर की गई है। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस, सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो, तस्वीरों, सीसीटीवी फुटेज और ग्राफिक सामग्री के माध्यम से शिकायतकर्ता के खिलाफ कथित तौर पर झूठे और मानहानिकारक बयान दिए तथा उन्हें प्रसारित किया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ये सामग्री दुर्भावनापूर्ण थी और सार्वजनिक मंचों पर व्यापक रूप से प्रसारित की गई, जिससे आम लोगों की नजर में उनकी प्रतिष्ठा और गरिमा को नुकसान पहुंचा।

गुरप्रीत कौर ने अदालत से आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मानहानि के लिए कार्रवाई करने और कानून



के तहत उचित राहत दिए जाने की मांग की है। अदालत ने अब मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर 2026 को शिकायतकर्ता के साक्ष्य के लिए निर्धारित की है। बता दें कि इससे पहले पांच सितंबर को बठिंडा सांसद हरसिमरत कौर बादल के नेतृत्व में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की महिला विंग %इस्त्री अकाली दल% ने पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान और उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। गुरप्रीत कौर पर दुष्कर्म के मामले को दबाने के लिए 5 करोड़ रुपए की मांग करने का आरोप है। हालांकि, गुरप्रीत कौर ने पहले ही इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है।

एल.ई.डी वैन के माध्यम से ब्लॉक ममदोट गांवों में श्री गुरु रविदास जी के संदेश संबंधी लोगों को किया गया जागरुक

- श्री गुरु रविदास महाराज जी के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पंजाब सरकार ने किया महत्वपूर्ण प्रयास

डेली आवाज भारती

1फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित चलाई जा रही राज्य स्तरीय जागरूकता मुहिम के तहत एल.ई.डी वैन द्वारा ब्लॉक ममदोट के गांव बस्ती कचूरिया वाली, बस्ती अमरीक सिंह, बस्ती आसा सिंह, बस्ती बीला सिंह, बस्ती दुल्ला सिंह में पहुंचकर गांव वासियों को श्री गुरु रविदास जी के जीवन, वाणी और उपदेशों के बारे में जागरूक किया गया।



गांवों में एल.ई.डी वैन के जरिए श्री गुरु रविदास जी के संदेश से संबंधित डाक्यूमेंट्री देखते हुए गांव वासी।

श्री गुरु रविदास के जीवन को दर्शाती डॉक्यूमेंट्री वैन के माध्यम से आधे घंटे की श्री गुरु रविदास जी के जीवन, दर्शन और उनके द्वारा दिए गए मानवता, समानता, सामाजिक न्याय, सेवा, भाईचारे और सद्भावना के सार्वभौमिक संदेश को दर्शाती डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसने गांव वासियों को गुरु साहब के महान जीवन दर्शन, समाज सुधारक विचारों और समाज में बराबरी व मानवाधिकारों के लिए उनके योगदान के बारे में जागरूक किया। इस दौरान गांव के लोगों ने पंजाब सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब सरकार के इस प्रयास के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी की महान शिक्षाओं और मानवता के संदेश को आम लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी तक प्रभावशाली ढंग से पहुंचाया जा रहा है।

पंजाब में राष्ट्रवाद, राज्य की एकता और सीमाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी भाजपा - राजीव बब्बर

नई दिल्ली/चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेता राजीव बब्बर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद, पंजाब की एकता और सीमाओं की सुरक्षा के मुद्दे को आधार बनाकर चुनाव मैदान में उतरेगी। पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी है और पंजाब में भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। बब्बर ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में नशे और भ्रष्टाचार की समस्या गंभीर है तथा स्कूलों में बच्चों के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार की तैयारियां पूरी नहीं हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तुलना करते हुए आरोप लगाया कि जिस तरह दिल्ली में केजरीवाल सरकार केंद्र पर आरोप लगाती थी, उसी तरह पंजाब में भगवंत मान भी केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हैं।

सेंसज 2027 के फेज-2 के तहत चार्ज सेंसज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

सेल्फ एन्यूमरेशन 16 से 30 नवंबर 2026 तक और फील्ड वर्क 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक होगा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर-कम-प्रिंसिपल सेंसज अधिकारी दीप्शिखा शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार सेंसज 2027 के फेज-2 के तहत सभी चार्ज सेंसज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यालय डिप्टी कमिश्नर के मीटिंग हॉल में करवाया गया। यह प्रशिक्षण सेंसज विभाग के आर.पी सिंह ज्वाइंट डायरेक्टर, कार्तिक आर्य जिला कोऑर्डिनेटर और बिमल जे.ई. द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण के अवसर पर एस.डी.एम फिरोजपुर अभिषेक शर्मा और एस.डी.एम जीरा सूरज भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर आर.पी सिंह ज्वाइंट



सेंसज 2027 के फेज-2 तहत चार्ज सेंसज अधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण में हिस्सा लेते अधिकारी।

डायरेक्टर सेंसज विभाग ने बताया कि सेंसस 2027 के फेज-2 के तहत सेल्फ एन्यूमरेशन 16 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक किया जाना है। इस प्रक्रिया के दौरान आम नागरिक अपना डेटा ऑनलाइन खुद भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद फील्ड वर्क 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक डिजिटल मोड के माध्यम से सीएमएमएस पोर्टल के द्वारा किया जाना है। इसी संबंध में जिला फिरोजपुर के सभी चार्ज सेंसज अधिकारियों को पोर्टल का उपयोग और फील्ड वर्क से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सेंसज 2027 के फेज-2 के तहत डिजिटल मोड में डेटा एकत्र करने, पोर्टल का उपयोग और फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी गई और उनके सवालों के जवाब भी दिए गए। इस अवसर पर गुरिंदर सिंह अतिरिक्त जिला सेंसज अधिकारी, तरसेम लाल सहायक शोध अधिकारी और हरजिंदर सिंह सहायक शोध अधिकारी भी मौजूद थे।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक – रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) – हेमन्त मित्तल। चेयरमैन– श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर – धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा – 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय – 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 16-09-2026 15:58 Page 1

आवाज भारती
6 मोहाली, वीरवार
17 सितंबर 2026

लाइफ स्टाइल



आधुनिक युग की नई वॉकिंग यानि 'लिम्फैटिक वॉकिंग'

आजकल सोशल मीडिया पर 10 मिनट की लिम्फैटिक वॉकिंग काफी ट्रेंड में है। दावा किया जा रहा है कि खास तरीके से की गई यह छोटी-सी वॉक शरीर में जमा अतिरिक्त फ्लूइड को बाहर निकालने और सूजन-ब्लोटिंग कम करने में मदद कर सकती है। इस वॉक में सिर्फ चलने पर ही नहीं, बल्कि बॉडी पॉश्चर, सांस लेने के तरीके और चलने की स्पीड पर भी ध्यान दिया जाता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वाकई सामान्य वॉक से ज्यादा असरदार है या फिर यह सिर्फ एक नया फिटनेस ट्रेंड है? इसे समझने के लिए पहले यह जानना जरूरी है कि शरीर का लिंफैटिक सिस्टम कैसे काम करता है। क्या होता है लिंफैटिक सिस्टमः हमारे शरीर में खून की तरह ही लिंफ (स्वद्बश्चद्ध) नाम का एक तरल पदार्थ भी घूमता रहता है। इसका काम शरीर से अतिरिक्त फ्लूइड और कुछ वेस्ट मटीरियल को हटाने में मदद करना है। हालांकि, खून को पूरे शरीर में पहुंचाने के लिए दिल एक पंप की तरह काम करता है, लेकिन लिंफैटिक सिस्टम का अपना कोई पंप नहीं होता।

लिंफ फ्लूइड का मूवमेंट मुख्य रूप से शरीर की मांसपेशियों के सिकुड़ने-फैलने और सांस लेने की प्रक्रिया से होता है। यही वजह है कि जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक एक ही जगह बैठा रहता है या बहुत कम शारीरिक गतिविधि करता है, तो शरीर के कुछ हिस्सों में फ्लूइड जमा हो सकता है। इससे खासकर पैरों में सूजन, भारीपन या असहजता महसूस हो सकती है।

चलने से लिंफ फ्लो कैसे बढ़ता हैः जब हम चलते हैं तो पैरों और शरीर की दूसरी मांसपेशियों के इस मूवमेंट से लिंफ फ्लूइड को आगे बढ़ने में मदद मिलती है। रिसर्च में भी यह देखा गया है कि हल्की शारीरिक गतिविधि के दौरान लिंफ का फ्लो आराम की स्थिति की तुलना में काफी बढ़ सकता है। इसलिए जो लोग दिनभर लंबे समय तक बैठे रहते हैं, उनके लिए बीच-बीच में उठकर कुछ देर चलना फायदेमंद हो सकता है। इससे पैरों में जमा फ्लूइड के मूवमेंट में मदद मिल सकती है और भारीपन या हल्की सूजन में राहत मिल सकती है।

10 मिनट की लिम्फैटिक वॉक में क्या खास है : लिम्फैटिक वॉकिंग में सामान्य वॉक की तरह ही चलना होता है, लेकिन इसमें कुछ बातों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। इसमें शरीर को सीधा और हाथों को स्वाभाविक तरीके से हिलाते हुए चलने की सलाह दी जाती है। इसका मकसद शरीर की मांसपेशियों को एक्टिव रखना है, जिससे लिंफ फ्लूइड के मूवमेंट में मदद मिल सके। हालांकि, अभी ऐसे मजबूत वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं कि सिर्फ पॉश्चर या सांस लेने का तरीका बदलने से सामान्य वॉक की तुलना में लिंफ फ्लो बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। असल में मांसपेशियों का सिकुड़ना और सांस लेना सामान्य वॉक के दौरान भी होता है। इसलिए इस वॉक को कोई बिल्कुल अलग या चमत्कारी एक्सरसाइज मानना सही नहीं होगा।

तो क्या 10 मिनट की वॉक करना फायदेमंद है : हां, 10 मिनट की हल्की वॉक एक अच्छी आदत हो सकती है, खासकर अगर आपका ज्यादातर समय बैठकर गुजरता है। इसके लिए किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं होती। बस आरामदायक गति से चलें, शरीर को सीधा रखें और सामान्य तरीके से सांस लेते रहें। लेकिन सोशल मीडिया पर किए जाने वाले उन दावों पर पूरी तरह भरोसा नहीं करना चाहिए, जिनमें इसे कुछ मिनटों में सूजन, ब्लोटिंग या शरीर की चर्बी खत्म करने वाला तरीका बताया जाता है। वॉक शरीर को एक्टिव रखने और फ्लूइड के सामान्य मूवमेंट में मदद कर सकती है, लेकिन यह कोई जादुई वजन घटाने का तरीका नहीं है।

अगर शरीर में बार-बार या बिना किसी स्पष्ट कारण के सूजन रहती है, सूजन अचानक बढ़ जाती है या इसके साथ दर्द, सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसे सिर्फ ब्लोटिंग समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।



नाश्ते में करते हैं ये 4 गलतियां तो पूरे दिन रहेगी थकान, आज ही सुधारें आदत

दिन की शुरुआत हम जिस चीज से करते हैं, उसका असर पूरे दिन की ऊर्जा और काम करने की क्षमता पर पड़ता है। सुबह का नाश्ता शरीर के लिए दिन का पहला ईंधन माना जाता है। रातभर के लंबे अंतराल के बाद जब हम सुबह कुछ पौष्टिक खाते हैं, तो शरीर को काम करने के लिए ऊर्जा मिलती है। लेकिन कई बार जल्दबाजी, व्यस्त दिनचर्या या स्वाद के चक्कर में हम नाश्ते से जुड़ी कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो सेहत पर उल्टा असर डाल सकती हैं। सुबह की सबसे आम गलती है नाश्ता न करना है। कई लोग वजन कम करने या समय की कमी के कारण नाश्ता नहीं करते और सीधे दोपहर का खाना खाते हैं। लंबे समय तक ऐसा करने से कुछ लोगों को सुबह कमजोरी, थकान या ध्यान लगाने में परेशानी महसूस हो सकती है। खासकर जिन लोगों का दिन शारीरिक या मानसिक मेहनत वाला होता है, उनके लिए सुबह संतुलित भोजन लेना फायदेमंद हो सकता है। इसलिए कोशिश करें कि सुबह कुछ पौष्टिक जरूर खाएं। बहुत ज्यादा समय न हो तो फल, दही, अंडे, पोहा, उपमा या ओट्स जैसे आसान विकल्प लिए जा सकते हैं।

सुबह के नाश्ते में मीठी चीजों का ज्यादा इस्तेमाल भी अच्छी आदत नहीं है। बाजार में मिलने वाले कई बिस्किट, पेस्ट्री, डोनट या मीठे पेय पदार्थों में रिफाइंड शुगर की मात्रा ज्यादा हो सकती है। ऐसी चीजें खाने से तुरंत ऊर्जा महसूस हो सकती है, लेकिन यह हमेशा लंबे समय तक पेट भरा रखने का बेहतर तरीका नहीं है। नाश्ते में ज्यादा चीनी की जगह फल, साबुत अनाज और अन्य पौष्टिक चीजों को शामिल करना बेहतर विकल्प हो सकता है। सिर्फ कार्बोहाइड्रेट वाला नाश्ता करने से जल्दी भूख लग सकती है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि भोजन में पर्याप्त प्रोटीन नहीं है। प्रोटीन पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराने में मदद करता है और संतुलित डाइट का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके बजाय नाश्ते में अंडा, दही, पनीर, दूध, दाल, चना, मूंग या अन्य प्रोटीन स्रोत शामिल किए जा सकते हैं। इससे नाश्ता ज्यादा संतुलित बन सकता है। भारत में बहुत से लोगों के दिन की शुरुआत चाय से होती है। कुछ लोग तो नाश्ता करने से पहले ही एक या दो कप चाय पी लेते हैं। लेकिन ऐसा करने से कुछ लोगों में एसिडिटी या पेट की परेशानी बढ़ सकती है।

रोज करें चक्रासन का अभ्यास
जानें करने का सही तरीका और फायदे

योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोधर है, जो मन और आत्मा को संतुलित रखने का मार्ग दिखाता है। योग के अनेक आसनों में चक्रासन एक महत्वपूर्ण आसन है, जो न केवल शरीर को लचीला बनाता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। %चक्र% का अर्थ है पहिया और %आसन% का अर्थ है मुद्रा। इस आसन में शरीर को पीछे की ओर मोड़कर पहिए जैसा आकार दिया जाता है। यह पीठ, हाथ, पैर और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है, साथ ही शरीर की लचीलापन और मुद्रा में सुधार करता है। योग विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित अभ्यास से यह आसन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, चक्रासन से कमर-रीढ़ की समस्याएं दूर होती हैं, आंखों की रोशनी बढ़ती है, कब्ज से राहत मिलती है, और तनाव-चिंता कम होती है। यह मानसिक तनाव और चिंता को कम कर शांति देने में भी मददगार है। यह मांसपेशियों को मजबूत कर शरीर की सक्रियता बढ़ाता है।

इसके अभ्यास के लिए सबसे पहले पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं। अपने पैरों को घुटनों से मोड़ें और पैरों को कूल्हों के पास लाएं।

दोनों हाथों को सिर के पास ले जाएं, हथेलियां जमीन पर और उंगलियां कंधों की ओर हों। इसके बाद सांस लेते हुए हथेलियों और पैरों पर जोर देकर शरीर को ऊपर उठाएं। सिर को आराम से पीछे की ओर लटकाएं। 10 से 20 सेकंड तक इस मुद्रा में बने रहना चाहिए और सामान्य रूप से सांस भी लेते रहना चाहिए। इसके बाद धीरे-धीरे स्थिति में वापस आना चाहिए। नियमित चक्रासन से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। चक्रासन न सिर्फ रीढ़ की मज़बूती बढ़ाता है, बल्कि पूरे शरीर को ऊर्जावान बनाता है। रोजाना 5-10 मिनट का अभ्यास कमर दर्द को काफी हद तक नियंत्रित कर सकता है। अगर कोई भी अभ्यासकर्ता बैठे रहने की वजह से जकड़न महसूस कर रहे हैं, तो उन्हें अपनी दिनचर्या में चक्रासन शामिल करें।



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लगातार तनाव के बीच मन की शांति सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे में कई योगासन और प्राणायम हैं जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, उन्हीं में से एक है %भ्रामरी प्राणायम%। इसको करने से मन शांत, तनाव दूर और एकाग्रता बढ़ती है। %भ्रामरी% का अर्थ है %भौंरा%, और इस प्राणायाम को करते समय निकलने वाली ध्वनि ठीक-भौंरे की गुंजन जैसी होती है, इसलिए इसे यह नाम दिया गया है। अगर किसी भी व्यक्ति को नींद की कमी, मन शांत या छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, उनके लिए भ्रामरी प्राणायम किसी भी रामबाण से कम नहीं है। सिर्फ 2 मिनट का यह अभ्यास आपके दिमाग को कैसे शांत करने में मदद करता है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, भ्रामरी प्राणायाम दिमाग शांत करने में मदद करता है। तनाव कम होता है, गुस्सा कंट्रोल में रहता है, और मन की बेचैनी भी धीरे-धीरे दूर होने लगती है। इसके नियमित अभ्यास से दिमाग और नसों को आराम मिलता है, जिससे सोचने-समझने की ताकत भी बढ़ती है। प्राणायाम योग शास्त्र में श्वास-प्रश्वास (भ्रामरी) को नियंत्रित और विस्तारित करने की एक प्राचीन प्रक्रिया बताया गया है। यह शब्द दो हिस्सों से मिलकर बना है, %प्राण% (जीवन शक्ति या ऊर्जा) और %आयाम% (विस्तार या नियंत्रण)। इसका अर्थ है शरीर में प्राण-शक्ति का प्रसार करना। महर्षि पतंजलि के योग दर्शन में इसे अष्टांग योग का चौथा चरण बताया गया है। इसे करने से ध्यान केंद्रित करने की ताकत बढ़ती है। खासतौर पर बच्चों और छात्रों के लिए यह बहुत फायदेमंद है। इससे याद रखने की शक्ति भी बेहतर होती है। भ्रामरी प्राणायाम एक सरल और प्रभावी तकनीक है, जो आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मन को शांति और शरीर को राहत देती है। हालांकि, एक्सपर्ट भ्रामरी प्राणायाम करते समय कुछ सावधानियां बरतने की भी सलाह देते हैं। इसे खाली पेट या भोजन के कुछ घंटों बाद करें। कान या साइनस के गंभीर रोगों से पीड़ित लोग इसे न करें। गर्भवती महिलाएं और हृदय रोग से ग्रसित लोगों को सलाह लेने के बाद ही करना चाहिए। गुनगुनाहट की ध्वनि को जबरदस्ती न बढ़ाएं, इसे सहज रखें। यदि चक्कर या असुविधा महसूस हो, तो अभ्यास रोक दें।



मन अशांत और नींद से हैं परेशान
भ्रामरी प्राणायाम है रामबाण

ये लोग न पिएं हल्दी वाला दूध ! फायदे की जगह होगा नुकसान

आमतौर पर हल्दी वाला दूध हेल्दी माना जाता है। दर्द होने पर, सर्दी-खांसी होने पर घरों में लोग सबसे पहले हल्दी वाला दूध पीने की सलाह देते हैं, जिसे लोग खुशी-खुशी पी भी लेते हैं। लेकिन ये हल्दी वाला दूध फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकता है। हल्दी की तासीर गर्म होती है और इसमें खून को पतला करने का गुण होता है। इसलिए हर किसी को इसे नहीं लेना चाहिए। खासकर उन लोगों को जिनकी बॉडी गर्म रहती है या जिन्हें नाक से खून आना या पाइल्स जैसी प्रॉब्लम्स रहती हैं। यह ब्लीडिंग को बे ा देता है। कई सारे पेट की मरीजों को भी हल्दी वाला दूध नुकसान पहुंचा सकता है। यहां हम आपको बता रहे हैं किन लोगों को हल्दी वाला दूध नहीं पीना चाहिए। अगर वे इसे पीना भी चाहते हैं तो उन्हें डॉक्टर से कंसल्ट करने के बाद ही इसे लेना चाहिए। इस बारे में जब हमने आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ अबरार मुल्तानी से बात की तो उन्होंने बताया कि हल्दी को हेल्दी हर्ब के रूप में देखा जा सकता है लेकिन ये सबके लिए हेल्दी नहीं होती। वैसे तो मसालों को छो कर



कोई हल्दी खाता नहीं है लेकिन हल्दी वाला दूध सभी कॉमनली यूज करते हैं। गालब्लेडर स्टोन, प्रेग्नेंसी और ब्लीडिंग की प्रॉब्लम वाले लोगों को हल्दी खाना अवॉइड करना चाहिए।जिन्हें गोलब्लेडर की प्रॉब्लम है-हल्दी वाला दूध ज्यादा पीने से गोलब्लेडर की प्रॉब्लम बे सकती है।

जो खून पतला करने वाली दवा ले रहे है-हल्दी में खून पतला करने वाले गुण होते है। पहले से दवा ले रहे हों तो खून ज्यादा पतला हो सकता है। गर्भवस्था या पीरियड के दौरान ङ्क हल्दी वाला दूध गर्म होता है, और ब्लड को पतला करता है। इससे ज्यादा ब्लीडिंग हो सकती है। जिन्हें गैस और एसिडिटी की प्रॉब्लम है-हल्दी वाला दूध गैस और एसिडिटी की प्रॉब्लम बे ा सकता है। एसिडिटी की दवा का असर कम करता है।

स्तन कैंसर से बचाव की पहली सीढ़ी है जागरूकता, इन बदलावों पर दें ध्यान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि स्तन में नई गांठ या कोई कठोर हिस्सा महसूस होना ऐसा बदलाव है, जिस पर ध्यान देना चाहिए। हर गांठ कैंसर नहीं होती। कई बार गांठ के पीछे सामान्य कारण भी हो सकते हैं। फिर भी अगर स्तन में कोई नई गांठ महसूस हो, खासकर जो बनी रहे या समय के साथ बदलती महसूस हो, तो डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर

स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर में से एक है। इसकी शुरुआती पहचान और समय पर चिकित्सीय मूल्यांकन से आगे की देखभाल और उपचार की दिशा तय करने में मदद मिल सकती है। इसलिए अपने शरीर में होने वाले बदलावों को समझना और उन्हें लेकर सजग रहना बेहद जरूरी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि स्तन में नई गांठ या कोई कठोर हिस्सा महसूस होना ऐसा बदलाव है, जिस पर ध्यान देना चाहिए। हर गांठ कैंसर नहीं होती। कई बार गांठ के पीछे सामान्य कारण भी हो सकते हैं। फिर भी अगर स्तन में कोई नई गांठ महसूस हो, खासकर जो बनी रहे या समय के साथ बदलती महसूस हो, तो डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर है।



अगर स्तन के आकार, स्वरूप या बनावट में अचानक कोई बदलाव दिखाई दे, तो उसे नजरअंदाज न करें। दोनों स्तनों के आकार में थोड़ा अंतर सामान्य हो सकता है, लेकिन किसी एक स्तन में नया और असामान्य बदलाव नजर आए तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। स्तन की त्वचा पर लालिमा, मोटापन, सूजन, गड्ढे जैसा दिखना या बनावट में अचानक बदलाव भी ध्यान देने योग्य संकेत हो सकते हैं। ऐसे बदलावों का कारण संक्रमण या कोई दूसरी समस्या भी हो सकती है, इसलिए केवल लक्षण देखकर निष्कर्ष निकालने के बजाय विशेषज्ञ से जांच कराना सही कदम है। निप्पल या उसके आसपास की त्वचा में अचानक परिवर्तन, जैसे निप्पल का अंदर की ओर खिंचना, त्वचा में बदलाव या लगातार किसी तरह की परेशानी महसूस होना, डॉक्टर को बताना चाहिए। यदि निप्पल से बिना दबाए अपने आप कोई असामान्य स्राव निकलता है, खासकर अगर उसमें खून दिखाई दे, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन सही कारण जानने के लिए चिकित्सकीय जांच जरूरी है। सबसे जरूरी बात यह है कि इनमें से कोई भी एक लक्षण दिखने का मतलब यह नहीं है कि व्यक्ति को स्तन कैंसर ही है। लेकिन शरीर में नया या असामान्य बदलाव लगातार बना रहे, तो डॉक्टर से संपर्क करने में देरी नहीं करनी चाहिए।

कुलंजनः अदरक जैसा दिखने वाला ये पौधा
आयुर्वेद में क्यों माना जाता है खास?

आयुर्वेद में कई ऐसे औषधीय पौधे बताए गए हैं, जिनका इस्तेमाल सदियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में होता आया है। कुलंजन भी इन्हीं में से एक है। यह पौधा देखने में काफी हद तक अदरक जैसा दिखाई देता है और इसकी तेज सुगंध तथा तीखा स्वाद इसे दूसरी जड़ी-बूटियों से अलग पहचान देते हैं। आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा में कुलंजन का इस्तेमाल कई तरह की सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में किया जाता रहा है। बिहार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि कुलंजन का वैज्ञानिक नाम अल्पिनिया कैल्केराटा है। यह मुख्य रूप से उष्ण और नम जलवायु में अच्छी तरह उगता है। इसके पौधे में लंबी, हरी पत्तियां होती हैं, जबकि जमीन के नीचे इसका सुगंधित तना विकसित होता है। इसमें छोटे और सफेद रंग के फूल भी दिखाई देते हैं। हालांकि पौधे का ऊपरी हिस्सा भी अपनी पहचान रखता है, लेकिन औषधीय उपयोग के लिए मुख्य रूप से इसकी जड़ और जमीन के अंदर मौजूद तने को महत्वपूर्ण माना जाता है। कुलंजन की सबसे खास बात इसकी गर्म तासीर और तीखी प्रकृति मानी जाती है। पारंपरिक रूप से इसका इस्तेमाल सर्दी-जुकाम और श्वसन तंत्र



से जुड़ी परेशानियों में किया जाता रहा है। इसकी सुगंधित प्रकृति के कारण इसे सांस से जुड़ी कुछ सामान्य समस्याओं में उपयोगी माना जाता है। पारंपरिक चिकित्सा में कुलंजन का संबंध जोड़ों के दर्द और गठिया जैसी समस्याओं से भी बताया जाता है। इसके अलावा पाचन से जुड़ी परेशानियों में भी इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। माना जाता है कि इसकी गर्म प्रकृति पाचन को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। कुलंजन के भले ही कई पारंपरिक लाभ बताए जाते हैं, लेकिन किसी भी बीमारी में दवा के रूप में इसका इस्तेमाल करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेना बहुत जरूरी है। बिना सही जानकारी के इसका उपयोग करना खतरनाक हो सकता है।

CMYK

page 7_Layout 1 16-09-2026 16:19 Page 1

मेयर सौरभ जोशी भी होंगे खास मेहमान 27 सितंबर को चंडीगढ़ क्लब से होगी एसके ट्राईसिटी मैराथन की शुरुआत; फिटनेस के साथ 'सुरक्षित डिजिटल भारत' का संदेश लेकर दौड़ेंगे हजारों प्रतिभागी

साइना नेहवाल के साथ दौड़ेगा ट्राईसिटी

पंजाब गवर्नर गुलाब चंद कटारिया करेंगे फ्लैग ऑफ़

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। संस्कृति युवा संस्था और आई आई ई एम आर ङ्क इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट की ओर से एस के फाइनेंस के सहयोग से आयोजित एस के ट्राई सिटी मैराथन चंडीगढ़ संस्करण मैं फिटनेस और डिजिटल सुरक्षा का संदेश लेकर इस बार पूरा ट्राईसिटी दौड़ने को तैयार है। 27 सितंबर को आयोजित होने वाली एसके ट्राई-सिटी मैराथन में ओलंपियन एवं पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल विशेष रूप से शामिल होंगी। वहीं, चंडीगढ़ के महापौर सौरभ जोशी भी आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। खेल जगत में भारत का गौरव बढ़ाने वाली साइना नेहवाल ने लंदन 2012 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह विश्व की नंबर-1 महिला बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुकी हैं और 2015 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक सहित राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और कई अंतरराष्ट्रीय खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। उनकी मौजूदगी मैराथन के फिटनेस संदेश को नई ऊर्जा देगी।



फिटनेस के साथ साइबर सुरक्षा के लिए दौड़ेगा ट्राईसिटी

एसके ट्राई -सिटी मैराथन को केवल एक रनिंग इवेंट के रूप में नहीं, बल्कि 'रन फॉर सेफ डिजिटल भारत ' के संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी, डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। मैराथन के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचाया जाएगा कि जिस तरह स्वस्थ रहने के लिए नियमित दौड़ जरूरी है, उसी तरह डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सतर्कता और जागरूकता भी जरूरी है।

राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया करेंगे फ्लैग ऑफ

मैराथन को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा फ्लैग ऑफ करने की सहमति दी गई है। आयोजन में चंडीगढ़ के महापौर सौरभ जोशी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजक मुकेश मिश्रा ने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल फ्रॉड किसी एक आयु या वर्ग तक सीमित नहीं है, इसलिए समाज के हर वर्ग को इसके प्रति जागरूक करना जरूरी है। एसके ट्राई-सिटी मैराथन में 3 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21.097 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियां होंगी। इनमें बच्चे, युवा, वरिष्ठ नागरिक और फिटनेस प्रेमी अपनी क्षमता के अनुसार हिस्सा ले सकेंगे। आयोजकों के अनुसार, मैराथन का उद्देश्य केवल दौड़ और प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक बड़े सामाजिक जागरूकता अभियान का रूप दिया गया है।

'दौड़ेंगे भी, जागरूक करेंगे भी'

मैराथन के दौरान प्रतिभागियों और आम लोगों को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अपराध और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में जागरूक किया जाएगा।

दौसा में सभापति चुनाव :

भाजपा से कविता गुर्जर और कांग्रेस से रेखा गुर्जर आमने-सामने, भाजपा में बगावत, 14 निर्दलीय तय करेंगे ताज

डेली आवाज भारती

दौसा। दौसा नगर परिषद में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महिला के लिए आरक्षित सभापति की कुर्सी को लेकर चुनावी मुकाबला बेहद रोमांचक और त्रिकोणीय होने के आसार बन गए हैं। नामांकन के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस–दोनों ही प्रमुख दलों ने गुर्जर समाज की महिला पार्षदों पर दांव खेला है। भाजपा ने वार्ड 6 से पार्षद कविता गुर्जर को अपना आधिकारिक प्रत्याशी बनाया है, वहीं कांग्रेस ने वार्ड 54 से पार्षद रेखा गुर्जर को मैदान में उतारा है। इस बीच भाजपा के आधिकारिक फैसले के खिलाफ पार्टी की ही एक अन्य पार्षद राधा जायसवाल ने निर्दलीय पर्चा दाखिल कर संगठन में बगावत के सुर छेड़ दिए हैं, जिससे चुनावी गणित पूरी तरह उलझ गया है। भाजपा में बगावत- राधा जायसवाल ने भी ठोकी ताल पार्टी द्वारा कविता



गुर्जर के नाम पर मुहर लगाने और उनका नामांकन दाखिल होने के कुछ ही देर बाद वार्ड 15 से भाजपा पार्षद राधा जायसवाल भी सभापति पद के लिए नामांकन करने पहुंच गईं। मजबूत सियासी पृष्ठभूमि- राधा जायसवाल पूर्व सभापति राजकुमार जायसवाल की पत्नी हैं, जो स्वयं दो बार नगर परिषद के अध्यक्ष रह चुके हैं। मुकाबला हुआ पेचीदा- भाजपा की ही सिटिंग पार्षद के मैदान में उतरने से पार्टी के पारंपरिक वोट बैंक में सेंधमारी का खतरा बढ़ गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जायसवाल परिवार का व्यक्तिगत रसूख निर्दलीयों और असंतुष्ट पार्षदों को लामबंद कर सकता है। संख्याबल का गणित- 14 निर्दलीय पार्षद बने किंगमेकर

55 वार्डों वाली दौसा नगर परिषद में किसी भी दल के पास अपने बूते स्पष्ट बहुमत (28 पार्षदों का जादुई आंकड़ा) नहीं है- पार्षदों की दलीय स्थिति- कांग्रेस 24 सीटों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है, जबकि भाजपा के खाते में 17 सीटें आई हैं।

निर्दलीयों का दबदबा- कुल 14 निर्दलीय पार्षद जीतकर आए हैं।

सियासी समीकरण- कांग्रेस को बोर्ड बनाने के लिए महज 4 अतिरिक्त मतों की दरकार है, जबकि भाजपा को कुर्सी तक पहुंचने के लिए कम से कम 11 निर्दलीयों के साथ-साथ क्रॉस-वोटिंग का सहारा लेना पड़ेगा।

दौसा शहर में फिर घुसा पैंथर :

आसावरी डूंगरी के रिहायशी इलाके में मकान के पास दिखा, नीलकंठ पहाड़ी से कॉलोनियों में दस्तक, दहशत में लोग

डेली आवाज भारती

दौसा। दौसा शहर के रिहायशी इलाकों में एक बार फिर लेपर्ड (तेंदुए) की दस्तक से नागरिकों में भारी दहशत फैल गई है। मंगलवार देर रात शहर की आसावरी डूंगरी के पास तेंदुआ आबादी क्षेत्र में घुस आया। स्थानीय निवासियों ने एक मकान की चारदीवारी के निकट वन्यजीव को विचरण करते देखा, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई है। मकान के पीछे दिखा वन्यजीव, लोगों में मची भगदड़ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार रात आसावरी डूंगरी क्षेत्र स्थित अवधेश शर्मा के मकान की बाउंड्री वॉल के ठीक पीछे वाले मकान में तेंदुए का मूवमेंट देखा गया। कुछ देर तक आबादी के बीच चहलकदमी करने के बाद पैंथर वापस ओझल हो



गया। रात के सन्नाटे में शिकारी वन्यजीव के घरों के इतने करीब आ जाने से कॉलोनीवासियों में भय का माहौल बन गया और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दौसा शहर से सटी नीलकंठ पहाड़ी पर तेंदुओं का प्राकृतिक वास और नियमित मूवमेंट रहता है, लेकिन बीते कुछ समय से ये लगातार भोजन और पानी की तलाश में कॉलोनियों का रुख कर रहे हैं- शिकार की घटनाएं- इससे पहले भी तेंदुआ कई बार कॉलोनियों में घुसकर बछड़ों और आवारा श्वानों (कुत्तों) का शिकार कर चुका है। पूर्व में भी मूवमेंट- कुछ ही दिन पहले शहर के खान भांकरी रोड पर भी लेपर्ड देखा गया था, जिससे उस क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया था। शहरी आबादी के बीच वन्यजीवों की लगातार आवाजाही से बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरा लगाकर पैंथर को तत्काल रेस्क्यू करने और सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ने की मांग की है।

कैबिनेट का बड़ा फैसला, ईपीएफओ के वेतन की अधिकतम सीमा को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह करने की दी मंजूरी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह करने की मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार के इस फैसले से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) का लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार के अनुसार, यह निर्णय न केवल सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि औपचारिक रोजगार को भी बढ़ावा देगा और कर्मचारियों की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को



मजबूती प्रदान करेगा। ईपीएफओ की वेतन सीमा वर्ष 2004 से 2014 तक 10 वर्षों तक अपरिवर्तित रही थी। इसके बाद सितंबर 2014 में इसे बढ़ाकर 15,000 रुपए किया गया था। अब लगभग 12 वर्षों बाद सरकार ने इसे बढ़ाकर 25,000 रुपए करने का फैसला किया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में देश में वेतन स्तर, आय और औपचारिक रोजगार में लगातार वृद्धि हुई है। कई राज्यों में न्यूनतम मजदूरी भी मौजूदा सीमा के करीब पहुंच चुकी है। ऐसे में ईपीएफओ ढांचे को मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप बनाना आवश्यक हो गया था। अभी तक यदि कोई नया कर्मचारी 15,000 रुपए से अधिक मासिक वेतन पर नौकरी शुरू करता था, तो वह स्वतः ईपीएफ ढांचे के अंतर्गत नहीं आता था। इसके कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी भविष्य निधि, पेंशन और बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद 15,000 रुपए से 25,000 रुपए मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों का बड़ा वर्ग भी अनिवार्य रूप से ईपीएफओ के दायरे में आएगा। इससे लाखों कर्मचारियों को संगठित सामाजिक सुरक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा। वेतन सीमा बढ़ने के साथ कर्मचारियों को तीन प्रमुख लाभ मिलेंगे। पहला, उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के तहत नियमित बचत का लाभ मिलेगा। दूसरा, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के जरिए रिटायरमेंट के बाद पेंशन सुरक्षा मिलेगी। तीसरा, कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) के तहत बीमा सुरक्षा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, पेंशन योग्य वेतन और वैधानिक अंशदान व्यवस्था भी वर्तमान वेतन स्तरों के अधिक अनुरूप हो जाएगी। बयान के अनुसार, इस फैसले से औपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। अधिक कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा ढांचे में शामिल होने से नौकरी की स्थिरता बढ़ेगी और कर्मचारी लंबे समय तक एक ही संगठन के साथ जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

मथुरा में सपा नेता राजन रिजवी पर महिला बैंककर्मी से अभद्रता और पीछा करने के आरोप में एफआईआर दर्ज

डेली आवाज भारती

मथुरा। उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा में एक महिला बैंककर्मी को परेशान करने, आपत्तिजनक मैसेज भेजने और उनके पूरे परिवार की %रेकी% (निगरानी) करने का एक संगीन मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव राजन रिजवी के खिलाफ कोतवाली थाने में सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित महिला बैंक कर्मचारी के अनुसार, राजन रिजवी ग्राहक बनकर बैंक आता था और लगातार उन पर नजर रखता था। आरोपी ने बिना अनुमति के पीड़िता का निजी मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और आपत्तिजनक व अवांछित मैसेज भेजने शुरू कर दिए। जब पीड़िता ने फोन उठाने और संपर्क



रखने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी ने उन्हें धमकी दी कि %मैं तेरी निजी सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) निकलवाता हूं।% परेशान होकर पीड़िता ने नंबर ब्लॉक किया तो आरोपी की हरकतें और बढ़ गईं। तहरीर के मुताबिक, नंबर ब्लॉक करने के बाद राजन रिजवी रात के वक्त करीब 9.30 बजे पीड़िता की आवासीय कॉलोनी के आसपास घूमता देखा गया। आरोप है कि राजन ने महिला के पति (जो क्षेत्रीय वन अधिकारी हैं), घर, वाहन, घरेलू सहयोगी, कुक और ड्राइवर तक की जानकारियां जुटाईं। बैंक के बाहर खड़ी पीड़िता की गाड़ी की तस्वीरें भी खींचीं, जो सीसीटीवी में दर्ज हैं। महिला ने आशंका जताई है कि आरोपी किसी निजी सुरक्षा एजेंसी के जरिए उनकी और उनके परिवार की जासूसी करा रहा है और पति के खिलाफ झूठी शिकायतें कराने की फिराक में है।

इस बारे में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए आशना चौधरी ने बताया कि थाना कोतवाली में एक महिला बैंककर्मी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पत्र में आरोप लगाए कि राजन रिजवी लगातार पीछा करता था और मोबाइल फोन पर आपत्तिजनक मैसेज भेजता था। शिकायत में यह भी बताया गया कि राजन रिजवी उस महिला बैंककर्मी को उसके घर के आसपास डराने धमकाने की कोशिश की गई थी।

उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस ने एक मुकदमा पंजीकृत किया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

देश में कमजोर वर्ग त्रस्त है और भाजपा दिए जलवा रही है: टीकाराम जूली

डेली आवाज भारती

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि जब रोम जल रहा था, तब नीरो बंसुरी बजा रहा था। ठीक वही क्रूर और संवेदनहीन मंज़र आज भारत में देखने को मिल रहा है, जहाँ देश और प्रदेश का आम आदमी, गरीब, किसान और कमजोर वर्ग अत्यंत कठिन और विकट परिस्थितियों का सामना कर रहा है, और सत्ता में बैठी भाजपा जनता से पीएम मोदी के जन्मदिन पर दिए जलाने के लिए कहकर अपनी भीषण नाकामियों पर पर्दा डालने का सियासी पाखंड कर रही है। जूली ने कहा कि देश में महंगाई सुरसा के मुंह की तरह लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आम आदमी के घर का रसोई बजट पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो चुका है। खाद्य तेल, दाल, चावल और लहसुन



जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं, तो वहीं पेट्रोल-डीजल के बढ़े हुए दामों ने मध्यम वर्ग और किसानों की कमर तोड़ दी है। राजस्थान के कई हिस्सों में कम बारिश के कारण किसान गंभीर संकट में हैं और राहत की उम्मीद लगाए सरकार की तरफ देख रहे हैं, लेकिन सरकार की बेरुखी से उनकी उम्मीदें टूट रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में प्रसूताओं की मौतें हुई हैं और पिपलोदी में स्कूल की छत गिरने से मासूम बच्चों की जान चली गई।

पहाड़ी नगर पालिका: शिशुपाल शर्मा निर्विरोध बने पहले चेयरमैन, विपक्ष की गैर-मौजूदगी से भाजपा का दबदबा

डेली आवाज भारती

पहाड़ी नवसृजित पहाड़ी नगर पालिका के पहले अध्यक्षीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी रण शुरू होने से पहले ही बाजी मार ली है। भाजपा प्रत्याशी शिशुपाल शर्मा ने चेयरमैन पद के लिए एकमात्र नामांकन दाखिल कर निर्विरोध जीत दर्ज की।

विपक्षी दलों द्वारा मैदान में प्रत्याशी तक न उतार पाने और निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा शिशुपाल शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नवगठित निकाय के इस पहले ही चुनाव में बिना किसी चुनावी घमासान के मिली इस एकतरफा जीत ने क्षेत्र में भाजपा के सांगठनिक दबदबे को पुख्ता कर दिया है। निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा होते ही कस्बे में भाजपा



कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हुजूम सड़कों पर उतर आया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इसे आगामी स्थानीय समीकरणों के लिहाज से विपक्षी खेमे की बड़ी रणनीतिक विफलता के रूप में भी देखा जा रहा है, जो नवसृजित निकाय के पहले ही ऐतिहासिक चुनाव में सांकेतिक चुनौती पेश करने में भी नाकाम साबित हुआ। इस जीत पर नगर पालिका चुनाव प्रभारी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने नवनिर्वाचित चेयरमैन शिशुपाल शर्मा का स्वागत करते हुए इसे जमीनी कार्यकर्ताओं की एकजुटता की जीत बताया।उन्होंने कहा कि यह निर्विरोध निर्वाचन संगठन के सामूहिक संकल्प और मजबूत बूथ प्रबंधन का प्रमाण है। उन्होंने भरोसा जताया कि नवसृजित पहाड़ी नगर पालिका क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं, सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और समग्र विकास की गति को तेज करने में यह नया बोर्ड मील का पत्थर साबित होगा।

नोएडा : अपनी मांगों को लेकर किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी, तीनों प्राधिकरणों के बाहर डटे किसान

डेली आवाज भारती

नोएडा। किसान अपनी मांगों के समाधान की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता,अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के बाहर किसानों ने तंबू लगाकर डेरा डाल दिया तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों की प्रमुख मांगों में भूमि अधिग्रहण के एवज में 10 प्रतिशत विकसित भूखंड दिए जाने की मांग शामिल है। किसानों का कहना है कि विकास परियोजनाओं के लिए उनकी जमीन अधिग्रहित की गई,



लेकिन उसके बदले मिलने वाले लाभ और पुनर्वास से जुड़े कई मामलों का अब तक उचित समाधान नहीं हुआ है। किसान 10 प्रतिशत विकसित भूखंड की मांग को लंबे समय से उठाते रहे हैं। इसके अलावा किसानों ने आबादी के निस्तारण और लीज बैक से जुड़े लंबित मामलों का तत्काल समाधान करने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि बड़ी संख्या में आबादी और लीज बैक के मामले लंबे समय से प्राधिकरण स्तर पर लंबित हैं। इन मामलों के निस्तारण में देरी के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी किसानों ने मांग की है कि लंबित मामलों की प्रक्रिया को तेज कर जल्द समाधान किया जाए। किसानों की एक अन्य प्रमुख मांग बढ़ी हुई दर से 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा दिए जाने की है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण के समय तय मुआवजे और वर्तमान परिस्थितियों के बीच काफी अंतर है। ऐसे में प्रभावित किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया जाना चाहिए, ताकि उन्हें उनकी जमीन का उचित प्रतिफल मिल सके। किसानों ने अपने बच्चों के लिए रोजगार की मांग भी प्रमुखता से उठाई है। उनका कहना है कि जिन किसानों की जमीन विकास परियोजनाओं के लिए ली गई है, उनके परिवारों की आजीविका और भविष्य को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

एलआईसी फर्जी चेक मनी लॉन्ड्रिंग मामला:

ईडी ने समीर जोशी को दिलाई सजा, 3 साल 6 महीने की कठोर कैद

डेली आवाज भारती

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लखनऊ जोनल कार्यालय ने एलआईसी के फर्जी चेकों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोपी समीर जोशी को दोषी ठहराने में सफलता हासिल की है। विशेष पीएमएलए अदालत, लखनऊ ने समीर जोशी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दोषी करार देते हुए तीन साल छह महीने की कठोर कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। ईडी की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, विशेष पीएमएलए अदालत ने 15 सितंबर को फैसला सुनाते हुए समीर जोशी को पीएमएलए की धारा 3 और 4 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में छह महीने की अतिरिक्त कैद भुगतने का भी निर्देश दिया है। ईडी की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार



पर शुरू हुई थी। मामला एलआईसी के 29 फर्जी चेक तैयार कर उन्हें भुनाने से जुड़ा है, जिनकी कुल राशि करीब 54.23 लाख रुपये थी।

जांच में पता चला कि समीर जोशी ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से इस धोखाधड़ी से हासिल रकम प्राप्त की और बाद में उसे विभिन्न उद्देश्यों, जिनमें कारोबारी गतिविधियां भी शामिल हैं, में इस्तेमाल कर दिया। ईडी की जांच के दौरान समीर जोशी से संबंधित 14 हजार रुपये की राशि को अपराध से अर्जित आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) के रूप में चिन्हित किया गया। इसके बाद ईडी ने 17 मार्च 2018 को अनंतिम कुर्की आदेश जारी कर उसकी पैतृक संपत्ति के मूल्य के बराबर 14 हजार रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। बाद में 6 सितंबर 2018 को पीएमएलए के निर्णायक प्राधिकरण ने इस कुर्की की पुष्टि कर दी थी। ईडी ने बताया कि अनुसूचित अपराध की सुनवाई कर रही सीबीआई की अदालत ने भी 7 अगस्त 2026 को समीर जोशी को दोषी ठहराते हुए एक साल नौ महीने की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई थी। अदालत ने दोनों सजाएं साथ-साथ चलने का आदेश दिया था। विशेष पीएमएलए अदालत ने समीर जोशी को दोषी ठहराने के साथ ही पीएमएलए की धारा 8(5) के तहत अपराध से अर्जित 14 हजार रुपये के बराबर कुर्क संपत्ति को केंद्र सरकार के पक्ष में जब्त करने का भी आदेश दिया है। ईडी ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

CMYK

page 8_Layout 1 16-09-2026 19:18 Page 1

धन-धन श्री गुरु नानक देव जी और जगत माता सुलखणी जी का पावन विवाह पर्व


बटाला की पावन धरती पर हुआ वह ऐतिहासिक मिलाप, जिसने गृहस्थ जीवन को भी आध्यात्मिकता की ऊंची मर्यादा प्रदान की

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): सिख इतिहास के सुनहरे पन्नों में बटाला की धरती को एक विशिष्ट और अद्वितीय स्थान प्राप्त है। यह वही पावन धरती है, जहां प्रथम पातशाह धन-धन श्री गुरु नानक देव जी और जगत माता सुलखणी जी का पवित्र विवाह हुआ। यह केवल एक ऐतिहासिक विवाह नहीं, बल्कि गुरु साहिब द्वारा गृहस्थ जीवन को सत्य, सादगी, पवित्रता और आध्यात्मिक जिम्मेदारी से जोड़ने वाला महान संदेश भी है। सिख परंपरा के अनुसार श्री गुरु नानक देव जी का विवाह बटाला निवासी मूल चंद खत्री जी की सुपुत्री बीबी सुलखणी जी के साथ वर्ष 1487 ईस्वी में हुआ। इस पावन मिलाप ने बटाला को सिख इतिहास के नक्शे पर स्थायी महत्व प्रदान किया। माता सुलखणी जी ने गुरु साहिब के गृहस्थ जीवन में साथ निभाते हुए एक आदर्श गृहिणी, माता और सहयोगी के रूप में अद्वितीय भूमिका निभाई।

विवाह की मर्यादा में नई आध्यात्मिक दृष्टि : गुरु नानक देव जी का जीवन हर प्रकार के दिखावे, अंधविश्वास और कर्मकांड से ऊपर उठकर सच्चे जीवन और नाम-सिमरन का संदेश देता है। गुरु साहिब के विवाह से जुड़ी परंपरा भी इसी आध्यात्मिक दृष्टि को उजागर करती है। सिख परंपरा में बाद में गुरु राम दास जी द्वारा रचित लावां आनंद कारज की केंद्रीय मर्यादा बनीं, जिनके माध्यम से वैवाहिक जीवन को आध्यात्मिक यात्रा के रूप में समझाया गया है। चार लावें मनुष्य को यह संदेश देती हैं कि पति-पत्नी का रिश्ता केवल सांसारिक बंधन नहीं, बल्कि प्रभु-प्रेम, सेवा, सिमरन, सहनशीलता और आपसी सम्मान से जुड़ी जीवन-यात्रा है।

गुरुद्वारा कंध साहिब–इतिहास की जीवंत निशानी : बटाला का गुरुद्वारा कंध साहिब इस पावन विवाह की याद को अपने भीतर संजोए हुए है। यहां मौजूद ऐतिहासिक दीवार से गुरु साहिब से जुड़ी प्रसिद्ध साखी संगतों में आज भी श्रद्धा के साथ याद की जाती है। यह स्थान हर वर्ष देश-विदेश से आने वाली संगतों के लिए श्रद्धा और आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र बनता है।



गुरुद्वारा डेरा साहिब–विवाह की यादों से जुड़ा पावन स्थान : गुरुद्वारा डेरा साहिब भी गुरु नानक देव जी और माता सुलखणी जी के विवाह से गहराई से जुड़ा हुआ है। परंपरा के अनुसार यह माता सुलखणी जी के परिवार से संबंधित स्थान था और गुरु साहिब की बारात यहां ठहरी थी। इस कारण बटाला के ये दोनों पावन स्थान सिख इतिहास और श्रद्धा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं।

'बाबे का विवाह'–श्रद्धा, सेवा और संगत का महान उत्सव : हर वर्ष बटाला में मनाया जाने वाला 'बाबे का विवाह' इस ऐतिहासिक विरासत की याद को जीवंत रखता है। इस अवसर पर देश-विदेश से संगतें बटाला की पावन धरती पर पहुंचती हैं। नगर कीर्तन, कीर्तन दरबार, धार्मिक समागम और विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से पूरा शहर गुरबाणी के रंग में रंगा दिखाई देता है। सुल्तानपुर लोधी से गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन का बटाला पहुंचना इस पावन परंपरा का विशेष अंग है। गुरुद्वारा डेरा साहिब से नगर कीर्तन शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों से गुजरता हुआ गुरुद्वारा कंध साहिब पहुंचता है। रास्ते में संगतों द्वारा फूलों की वर्षा, लंगर और छबीलों के माध्यम से सेवा की जाती है।

पावन विवाह पर्व का वास्तविक संदेश : धन-धन श्री गुरु नानक देव जी और जगत माता सुलखणी जी का पावन विवाह हमें केवल इतिहास की याद नहीं दिलाता, बल्कि जीवन जीने की उचित दिशा भी देता है। गुरु साहिब ने गृहस्थ जीवन का त्याग नहीं किया, बल्कि इसे सत्य, सेवा, किरत, नाम और वंड छकने के सिद्धांतों से जोड़कर मानवता के सामने एक नया आदर्श रखा। माता सुलखणी जी का जीवन भी त्याग, सहनशीलता, स्नेह और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने गुरु साहिब के गृहस्थ जीवन में साथ निभाते हुए यह दर्शाया कि पारिवारिक जीवन भी आध्यात्मिक ऊंचाई का साधन बन सकता है। आज जब वैवाहिक रिश्तों में दिखावा, भौतिकता और तनाव बढ़ रहा है, गुरु नानक देव जी और माता सुलखणी जी का पावन जीवन हमें सादगी, आपसी सम्मान, सहयोग, विश्वास और पवित्रता का मार्ग दिखाता है। बटाला की धरती पर मनाया जाने वाला 'बाबे का विवाह' इसलिए केवल एक मेला नहीं, बल्कि गुरु नानक देव जी की पावन याद, सिख विरासत, संगत की श्रद्धा और गुरमत जीवन-जाच का महान प्रतीक है। इस पावन दिवस पर गुरु चरणों में अरदास है कि हमारे जीवन में नाम, सेवा, सिमरन, नम्रता और मानवता की ज्योति सदैव प्रज्वलित रहे।

अवैध गैस सिलेंडर और शराब तस्करी पर पुलिस का शिकंजा

डेली आवाज भारती

लुधियाना/रवीश कपूर : नशे और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हैबोवाल पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक गैस सिलेंडर, एक कांटा तथा पांच पेटी शराब रसभरी पंजाब बरामद की है। थाना हैबोवाल के एसएचओ इंस्पेक्टर जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने 15 सितंबर को मुखबिर की सूचना के आधार पर संगम चौक स्थित एक घर/दुकान पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जगन नाथ पुत्र केदार नाथ, निवासी मकान नंबर 1613/42, मेन रोड, ग्रेवाल चौक, सुरिंदर पार्क, हैबोवाल कलां, लुधियाना को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक गैस सिलेंडर और एक कांटा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना



हैबोवाल में मुकदमा नंबर 242, दिनांक 15 सितंबर 2026, भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 125 और 287 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी दौरान पुलिस ने एक अन्य मामले में सुमित कुमार पुत्र यशपाल, निवासी किराएदार, गली नंबर 8, गोपाल नगर, हैबोवाल, लुधियाना को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, उसके कब्जे से शराब रसभरी पंजाब की पांच पेटियां बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना हैबोवाल में मुकदमा नंबर 243, दिनांक 15 सितंबर 2026, आबकारी अधिनियम की धारा 61-1-14 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। दोनों मामलों में शराब और गैस सिलेंडर की कथित अवैध गतिविधियों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की उम्र क्रमशः लगभग 44 और 36 वर्ष बताई गई है।

प्रशिक्षित छात्र स्वयंसेवकों को अस्पताल की व्यवस्थाओं से जोड़कर प्रोजेक्ट सारथी मरीजों की देखभाल में संवेदना को सशक्त बनाता है': प्रो. विवेक लाल, निदेशक, पीजीआईएमईआर

डेली आवाज भारती

मरीजों को अस्पताल की जटिल व्यवस्थाओं के बीच मार्गदर्शन और सहयोग देने के लिए युवा छात्रों को जोड़ने की पीजीआईएमईआर की पहल अब अन्य प्रमुख सरकारी अस्पतालों में भी अपनाए जाने की संभावनाओं की ओर बढ़ रही है। इसी क्रम में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (स्ष्णास्न्ह्ल्), भारत सरकार के वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में प्रोजेक्ट सारथी के पुनरावृत्ति एवं संस्थागत रूप से लागू किए जाने संबंधी पत्र के बाद, सफदरजंग अस्पताल की तीन सदस्यीय टीम ने आज पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ का दौरा कर इस पहल की कार्यप्रणाली और क्रियान्वयन व्यवस्था को समझा। सफदरजंग अस्पताल की टीम में डॉ. गौरव अरोड़ा, अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक; श्री प्रवीण कुमार धौंडियाल, ओपीडी सुपरवाइजर; तथा श्री हरप्रीत सिंह, ओपीडी सुपरवाइजर, वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली शामिल थे। प्रोजेक्ट सारथी (Students Alliance for Responsible Action to Transform Healthcare Initiative) पीजीआईएमईआर की युवा-केंद्रित पहल है, जिसके अंतर्गत प्रशिक्षित छात्र स्वयंसेवक मरीजों एवं उनके तीमारदारों को पंजीकरण, ओपीडी मार्गदर्शन, कतार व्यवस्था तथा अस्पताल की विभिन्न सेवाओं से संबंधित गैर-चिकित्सकीय सहायता प्रदान करते हैं। इसका उद्देश्य अस्पताल में मरीजों के अनुभव को अधिक सहज, सहयोगपूर्ण और गरिमापूर्ण बनाना है। इस अवसर पर प्रो. विवेक लाल, निदेशक, पीजीआईएमईआर , ने कहा, ÷प्रोजेक्ट सारथी प्रशिक्षित छात्र स्वयंसेवकों को अस्पताल की व्यवस्थाओं से जोड़कर मरीजों की देखभाल में संवेदना को सशक्त बनाता है। इसका उद्देश्य अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों के अनुभव को अधिक सहयोगपूर्ण, गरिमापूर्ण और मरीज-केंद्रित बनाना है। हमें प्रसन्नता है कि पीजीआईएमईआर में विकसित सारथी के अनुभव और सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली को साझा करने का अवसर मिला। सफदरजंग अस्पताल की टीम को प्रोजेक्ट सारथी के उद्देश्यों, मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOPs), सारथी टूलकिट, छात्र स्वयंसेवकों की सहभागिता एवं प्रशिक्षण, तैनाती, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय तथा निगरानी एवं फीडबैक व्यवस्था के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी गई। टीम ने पीजीआईएमईआर के संबंधित क्षेत्रों का दौरा कर सारथी स्वयंसेवकों और सुरक्षा कर्मियों से भी बातचीत की। इसके अलावा, टीम ने पीजीआईएमईआर के आईटी सेल का दौरा कर स्वयंसेवकों की डिजिटल उपस्थिति एवं फीडबैक प्रणाली की जानकारी ली। श्री पंकज राज, उप निदेशक (प्रशासन), पीजीआईएमईआर, ने कहा, ÷सारथी को स्पष्ट एसओपी, व्यापक टूलकिट, व्यवस्थित स्वयंसेवक तैनाती और निगरानी व्यवस्था के साथ एक सुव्यवस्थित एवं अन्य संस्थानों में अपनाए जा सकने वाले मॉडल के रूप में विकसित किया गया है। इस संवाद के माध्यम से इसके प्रशासनिक, परिचालन एवं लॉजिस्टिक पहलुओं को साझा करने का अवसर मिला।



अमृतसर में हुआ 'हमारे राम' नाटक का मंचन

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) ङ्क पंजाब सरकार द्वारा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दशमेश ऑडिटोरियम में विश्व प्रसिद्ध नाटक 'हमारे राम' का पहला शो आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा ने रावण की भूमिका में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। नाटक के मंचन से पहले विधानसभा क्षेत्र अमृतसर केंद्रीय के विधायक डॉ. अजय गुप्ता, विधानसभा क्षेत्र अमृतसर पश्चिम के विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू, विधानसभा क्षेत्र अमृतसर उत्तरी के प्रभारी स. करमजीत सिंह रिंटू, जिला योजना समिति के चेयरमैन स. गुरप्रताप सिंह संधू तथा डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री दलविंदरजीत



सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले शो के दौरान खचाखच भरे ऑडिटोरियम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 12 शहरों में 'हमारे राम' नाटक के 41 शो आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमृतसर में 16 और 17 सितंबर को इस नाटक के कुल चार शो आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को पहला शो दोपहर 2 बजे से शाम 5=30 बजे तक आयोजित किया गया, जबकि दूसरा शो शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक होगा। इसी प्रकार 17 सितंबर को भी दोपहर और शाम को दो शो आयोजित किए जाएंगे। डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि 'हमारे राम' नाटक के माध्यम से भगवान श्री राम के शाश्वत उपदेशों और आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से



लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। थिएटर के प्रभावशाली माध्यम से सत्य, धर्म, दया, एकता और सद्भावना का संदेश लोगों तक पहुंचाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ये शो पूरी तरह निःशुल्क रखे गए हैं, ताकि समाज के हर वर्ग के लोग नाटक का आनंद ले सकें और भगवान श्री राम के जीवन एवं आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने तथा युवा पीढ़ी को इससे जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक विरासत से जोड़ने में सहायक होते हैं। विश्वस्तरीय थिएटर के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करना और युवाओं को इन शाश्वत मूल्यों से जोड़ना इस पहल का महत्वपूर्ण पक्ष है।

पंजाब की शांति और अमन-शांति को भंग करने की कोशिश करने वाले आसामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा : हरभजन सिंह ईटीओ

- पुलिस को घटना की तुरंत जांच करने और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश: हरभजन सिंह ईटीओ

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने होशियारपुर जिले के गांव बारियां कलां में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाले आसामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है और इस घटना की कड़े शब्दों में



निंदा की है। मंत्री ने चेतावनी दी कि पंजाब का माहौल खराब करने और समाज में जहर घोलने की साजिश कर रहे असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर जी हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं, जिन्होंने देश को एक मजबूत संविधान देकर हर नागरिक को समान अधिकार दिए हैं। जो लोग उनके खिलाफ ऐसी बुरी और नफ़रत भरी हरकतें कर रहे हैं, वे पंजाब की कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की बेकार कोशिश कर रहे हैं, जिसे सरकार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को घटना की तुरंत जांच करके और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। कानून के मुताबिक, ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा घिनौना काम करने की हिम्मत न कर सके। ईटीओ ने पूरे भाईचारे और संगत से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि सरकार हर नागरिक और महान शख्सियतों के सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दोषी चाहे कितने भी आसानी से पकड़े जाएं, वे जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे और उन्हें उनके किए की सख्त से सख्त सज़ा दी जाएगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 2029 तक 'नशामुक्त भारत' बनाने का संकल्प लिया

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जून 2026 में नशामुक्त भारत के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029 का किया था शुभारंभ

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वर्ष 2029 तक देश को 'नशामुक्त भारत' बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जून 2026 में 'नशामुक्त भारत' के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029 का शुभारंभ किया था। इसी क्रम में विजन डॉक्यूमेंट 2026-29 के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से पत्र सूचना ब्यूरो (PIB), चंडीगढ़ ने आज चंडीगढ़ में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) के सहयोग से 'वार्तालाप' का आयोजन किया। 'वार्तालाप' के दौरान विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029 के विभिन्न पहलुओं और प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया तथा 'नशामुक्त भारत' के निर्माण के लिए इसके उद्देश्यों और रणनीति पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प देश के सामने रखा है। विकसित भारत की नींव केवल मजबूत अर्थव्यवस्था, सुरक्षित समाज, आधुनिक तकनीक और सुदृढ़ संस्थानों पर ही नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित, सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी और नशामुक्त युवा शक्ति पर भी आधारित होगी। भारत विश्व के प्रमुख देशों में सबसे युवा राष्ट्र है और देश की युवा शक्ति उसकी सबसे बड़ी ताकत है। नशीले पदार्थ स्वास्थ्य, परिवार, सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करते हैं। ऐसे में 'नशामुक्त भारत 2029', 'विकसित भारत 2047' की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधारशिला है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय (MHA) ने नशीले पदार्थों के सेवन की रोकथाम सहित मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनमें विजन डॉक्यूमेंट का शुभारंभ भी शामिल है। 'वार्तालाप' का संचालन *ह्यष्ठ्कचंडीगढ़ के जोनल डायरेक्टर श्री अमनजीत सिंह, गृह मंत्रालय के **अपर महानिदेशक (मीडिया) श्री राज कुमार* तथा *पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़ की उप निदेशक सुश्री सपना* द्वारा किया गया। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों



को 'नशामुक्त भारत अभियान' के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीति से अवगत कराया गया। मीडिया प्रतिनिधियों को देशभर में मादक पदार्थों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें मादक पदार्थों की जब्ती, गिरफ्तारियां, गहन जांच तथा जब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट करना शामिल है। जुलाई 2026 से जुलाई 2029 तक की तीन वर्षीय कार्ययोजना का उद्देश्य निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल करते हुए भारत को 'नशामुक्त भारत' बनाना है। यह रोडमैप चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है–खुफिया सूचना एवं अभियान आधारित प्रवर्तन, प्रीकर्सर एवं सिंथेटिक ड्रग्स नियंत्रण, मांग एवं हानि में कमी तथा क्षमता निर्माण एवं समन्वय। इन चारों स्तंभों के लिए परिचालन मंत्र 'डिटेक्ट, डिसरप्ट और डिस्ट्रॉय' (Detect, Disrupt and Destroy) निर्धारित किया गया है। डिटेक्ट (Detect): मादक पदार्थों के स्रोत, मार्ग, तस्कर, तकनीक, भुगतान माध्यमों और मुख्य संचालकों की पहचान करना। डिसरप्ट (Disrupt)= मादक पदार्थों के परिवहन, लॉजिस्टिक्स, प्रीकर्सर की आपूर्ति, डार्कनेट नेटवर्क, हवाला और मादक पदार्थों से होने वाले वित्तपोषण को लक्षित करना। डिस्ट्रॉय (Destroy)= अवैध ड्रग प्रयोगशालाओं, अवैध खेती, तस्करी से अर्जित संपत्तियों, गिरोहों के नेतृत्व और पूरे वितरण नेटवर्क को समाप्त करना। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने मादक पदार्थों के विरुद्ध लड़ाई को राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकता बनाया है। विजन डॉक्यूमेंट में गुप्त ड्रग प्रयोगशालाओं के विनष्टीकरण, मादक पदार्थों से जुड़े अपराधियों एवं भगोड़ों को वापस लाने, विभिन्न प्रणालियों के एकीकरण तथा मापनीय राष्ट्रीय परिणाम हासिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रस्तुति के दौरान नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए आपूर्ति में कमी, मांग में कमी और हानि में कमी से संबंधित रोडमैप पर भी प्रकाश डाला गया। मादक पदार्थों के नेटवर्क, वित्तीय संसाधनों और भगोड़ों को लक्षित करने के साथ-साथ इस समस्या से निपटने के लिए संपूर्ण सरकार (Whole-of-Government) दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। नीति निर्माण से लेकर अभियोजन तक विभिन्न एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई की क्षमता को मजबूत करने को भी विजन डॉक्यूमेंट में प्राथमिकता दी गई है। विजन डॉक्यूमेंट को संबंधित केंद्रीय सरकारी मंत्रालयों एवं विभागों, मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। यह मादक पदार्थों की समस्या के मांग में कमी, आपूर्ति में कमी और हानि में कमी से संबंधित पहलुओं से निपटने के लिए एक साझा रोडमैप प्रदान करता है।

CMYK